आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 6 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-247 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

छात्रा से छेड़छाड़ के बाद चाकू से हमला

जशपुर,6 दिसंबर। नाबालिग छात्रा से छेड़खानी के बाद युवक चाकू से हमला कर फरार हो गया. इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश है. घायल छात्रा को अंबिकापुर रेफर किया गया है. परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. यह मामला पत्थलगांव थाना क्षेत्र का है. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. घायल छात्रा पत्थलगांव के निजी स्कूल में पढ़ती थी.

भूपेश बघेल ने रेवंत रेड्डी को दी बधाई

रायपुर,6 दिसंबर। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री के रूप में नव दायित्व के लिए भूपेश बघेल ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है. बघेल ने ट्वीट कर कहा, न्याय और प्रगति के पथ पर तेलंगाना अग्रसर हो, ऐसी हम सब कामना करते हैं.

बारिश से ढहा किसान का घर,4 लोग दबे

जशपुर,6 दिसंबर। चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर छत्तीसगढ़ में भी देखा जा रहा है. लगातार हो रही बारिश के कारण जशपुर जिले में एक किसान का घर ढह गया. हादसे में घर में सो रहे 4 सदस्य मलबे में दब गए, जिससे वे घायल हो गए हैं. घटना आज भोर में बगीचा विकासखंड के बुरजूडीह गांव में हुई. दुर्घटना की सूचना मिलते ही गांव के पूर्व सरपंच बुधेश्वर पैकरा मौके पर पहुंचे. फिर ग्रामीणों की मदद से तत्काल बचाव कार्य शुरू किया और मलबे में दबे सभी सदस्यों को बाहर निकाला गया. इसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया. बता दें कि, मिचौंग तूफान के कारण मंगलवार से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला है. इसकी वजह से राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई है. वहीं ठंड बढ़ गई है. मौसम में हुए परिवर्तन ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. मौसम विभाग की अनुसार आज भी प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश होगी.

करंट से गाय की मौत

बलौदाबाजार,6 दिसंबर। बीती रात बलौदाबाजार के गार्डन चौक में बारिश के बीच चौक में लगे खंभे में करंट आने से एक गौवंश की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही विघुत मंडल के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर लाइन को दुरूस्त किया. लोगों का कहना है कि यदि यह घटना दिन में होती तो जरूर मानव हानि हो जाती. इस कारण सुबह के समय यहां पर स्कूली बच्चे खड़े होते हैं और दोपहर में काफी लोग जमा रहते हैं यदि सुबह या दोपहर होता तो जरूर मानव हानि होती.

सरकार बदलते ही प्रदेश भर में 'बुलडोजर' कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,6 दिसंबर। छत्तीसगढ़ में सरकार के परिवर्तन होते ही प्रशासन सख्त हो गया है. राजधानी रायपुर में देर रात तक संचालित होने वाले दुकान और ढाबा को पुलिस ने 11 बजे बंद करवाया. वहीं आज दूसरे दिन भी अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया जा रहा है. शहर के जब्बार नाला वीआईपी तिराहा के पास अवैध रूप से बनाए गए दुकानों को जमींदोज किया गया. भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाया गया. अतिक्रमण हटाने रायपुर नगर निगम के सभी जोन में विशेष दस्ता बनाया गया है.

रायपुर कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निदेर्शानुसार नगर निगम रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है और अवैध अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की जा रही है. विशेष टीम ने मंगलवार को सालेम स्कूल के पास दीवार के समीप अवैध रूप से व्यवसाय कर रहे लगभग 35 ठेलों को हटाकर जब्त करने की कड़ी कार्रवाई की है. साथ ही नगर निगम की टीम ने शाम को अभियान चलाकर जी. ई. रोड में एन. आई. टी. के समीप सड़क पर अवैध रूप से व्यवसायरत लगभग 40 अवैध ठेलों को हटा कर जब्त किया. संतोषी नगर मुख्य मार्ग व संजय नगर में मुख्य मार्गों को अवैध कब्जों से मुक्त करवाया.11 दुकानें हटाई गई हैं।तहसील आफिस के सामने,हीरापुर,पचपेड़ी नाका के आगे सहित कई इलाकों में अभियान चलाया जा रहा है। अंबिकापुर,बिलासपुर तथा खरोरा में भी आज अवैध कब्जे हटाए गए।

आरंग में अवैध चखना सेंटर हटाए गए

क्षेत्र के शराब दुकानों के पास संचालित अवैध चखना दुकानों पर प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दुकानों पर बुलडोजर चलाया है. मंगलवार को रायपुर कलेक्टर डॉ. भूरे के आदेश के तुरंत बाद प्रशासन एक्शन मोड़ पर आ गई है. आरंग सहित रायपुर जिले के सभी शराब दुकानों के पास संचालित अवैध चखना दुकानों को हटाया जा रहा है.

चुनाव जीते भाजपा के सांसदों और मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली,6 दिसंबर। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ समेत 4 राज्यों में विधानसभा का चुनाव जीतने वाले सभी सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। ये सभी लोग विधायक के तौर पर काम करेंगे और अपने प्रदेश में भाजपा को मजबूत करेंगे। सभी सांसदों ने बुधवार को लोकसभा स्पीकर के दफ्तर पहुंचकर इस्तीफा सौंप दिया। इस फैसले के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सीएम पद को लेकर कयास और तेज हो गए हैं। दरअसल कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रह्लाद पटेल ने मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ा था और जीते भी हैं। ऐसे में इनके इस्तीफे के बाद कयास तेज हैं कि क्या वे सीएम बनेंगे?

इन नेताओं के अलावा राजस्थान से राज्यवर्धन सिंह राठौर जैसे नेताओं ने भी चुनाव में जीत हासिल की है। विधानसभा चुनावों में भाजपा के दर्जन भर सांसदों और मंत्रियों ने जीत हासिल की थी। इन सभी लोगों से पार्टी ने इस्तीफा लिया है। इन लोगों में नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, राकेश सिंह, उदय प्रताप और रीति पाठक शामिल हैं, जो मध्य प्रदेश में जीते हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में अरुण साव और गोमती साई को जीत मिली थी। अब तक 10 सांसदों ने इस्तीफे दे दिए हैं, जबकि रेणुका सिंह और बालकनाथ आज नहीं पहुंचे हैं। खबर है कि वे भी आज या कल में ही इस्तीफा दे सकते हैं। महंत बालकनाथ अलवर सीट से सांसद हैं और उन्होंने इसी जिले की तिजारा सीट से विधानसभा इलेक्शन में जीत हासिल की है। उन्हें योगी आदित्यनाथ का करीबी भी माना जाता है। ऐसे में उन्हें लेकर भी चर्चा है कि हिंदुत्व के आइकॉन और पिछड़े समुदाय से आने वाले बालकनाथ को भी मौका मिल सकता है।

तीनों राज्यों में नए चेहरों को सीएम बनाने की चर्चा

नई दिल्ली,6 दिसंबर। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत हुई है। हालांकि, शीर्ष नेतृत्व अभी तक तीनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के नाम पर अंतिम फैसला नहीं किया है। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक बीजेपी तीनों ही राज्यों में मुख्यमंत्री पद के लिए नए चेहरों को चुन सकती है। सूत्रों ने बताया कि इन नामों का चयन 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर मंगलवार को देर शाम करीब साढ़े चार घंटे तक बैठक हुई, जिसमें तीनों राज्यों में प्रबल दावेदारों पर विचार किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा शामिल हुए। इस बैठक से पहले राज्य के नेताओं के बारे में फीडबैक इकट्ठा करने के लिए इन राज्यों के भाजपा प्रभारियों के साथ शाह और नड्डा ने अलग-अलग बैठक की। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही तीनों राज्यों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर सकता है। ये पर्यवेक्षक तीनों राज्यों में विधानसभा में अपने नेताओं का चुनाव करने के लिए

नवनिर्वाचित विधायकों की बैठकों की निगरानी करेंगे। मध्य प्रदेश में निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेंद्र सिंह तोमर के अलावा राज्य के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय प्रबल दावेदारों में शामिल हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री पद के लिए भी कई नाम चर्चा में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी विधानसभा चुनाव जीती हैं। उनके अलावा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अर्जुन राम मेघवाल के साथ-साथ राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी, दीया कुमारी और महंत बालकनाथ को संभावितों सीएम के रूप में देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह दावेदारों में शामिल हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण कुमार साव, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक और पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी को भी मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि भाजपा नेतृत्व अपनी पसंद से आश्चर्यचकित करने के लिए जाना जाता है।

अवैध कब्जे, धंधे बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा सरकार

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,6 दिसंबर। छत्तीसगढ़ को नए मुख्यमंत्री का सभी को इंतजार है. इसे लेकर पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कहा, पार्लियामेंट का सत्र चल रहा है. सारे वरिष्ठ लोग की व्यस्तता भी है. दो-तीन दिन के अंदर पर्यवेक्षक आ जाएंगे और निर्णय हो जाएगा. मुख्यमंत्री पद को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा, मेरी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है. पार्टी का जो निर्देश होगा उसका पालन किया जाएगा. छत्तीसगढ़ में बैकडेट में किए जा रहे साइन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने अफसरों को समझाइश दी है. उन्होंने कहा, प्रशासनिक क्षेत्र से जानकारी आ रही है वह चिंताजनक है. 3 तारीख के डेट में कुछ वित्तीय विषय को लेकर कुछ अन्य विषय को लेकर बैकडेट पर साइन कराई जा रही है. काफी सारी फाइलों पर 3 तारीख के बाद बैक डेट पर साइन की गई है.मैं समझता हूं कि यह सरासर गलत है और उचित नहीं है.

रमन सिंह ने कहा, जो भी मुख्यमंत्री बनेगा छत्तीसगढ़ में इस विषय की विवेचना तो करेगा. यह ऐसा समय है जब तक सरकार का गठन ना हो जाए कोई नए निर्णय नहीं लिए जा सकते. कोई नए आदेश जारी नहीं हो सकते. वह अधिकारी जो आज भी पुराने जितने भी किए हुए काम है उसको सही साबित करने में लगे हुए हैं. उनको मैं स्पष्ट चेतावनी दे रहा हूं कि ऐसी गड़बड़ी करना अब तो बंद करो अब तो सरकार बदल गई

है. कम से कम छत्तीसगढ़ के हित में काम करना पड़ेगा.,

बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा, जो इस प्रकार अवैध रूप से छत्तीसगढ़ में रायपुर में और आसपास जो अवैध कब्जे थे प्रशासन समझ गया है. आने वाली सरकार इस तरह के अवैध कब्जे अवैध धंधे को बर्दाश्त नहीं करेगी इसलिए प्रशासन सरकार बदलते ही अपने रवैया में परिवर्तन ला रहा है. अच्छी बात है. अभी कोई सरकार नहीं है तो आदेश अधिकारी को लेकर कोई सवाल नहीं होता. सरकार के मंशा के अनुरूप काम कर रहे हैं.

भ्रष्टाचार मामले की कार्रवाई में आएगी तेजी

महादेव एप और भ्रष्टाचार को लेकर रमन सिंह ने कहा, महादेव एप पर इतने सारे मामले जांच किए हैं पूरे प्रमाण सहित प्रस्तुत किया है. सरकार बदल गई है तो सरकार बदलने के बाद प्रक्रिया में तेजी आएगी. महादेव एप या भ्रष्टाचार के दूसरे मामले हैं उसमें रफ्तार आएगी. सरकार का भी इस पूरे मामले में जितने भी तेजी के साथ निराकरण हो सके करने का प्रयास करेंगे. मुख्यमंत्री चेहरे कब तक फाइनल हो जाएंगे, इस सवाल पर रमन सिंह ने कहा, पार्लियामेंट का सत्र चल रहा है. सारे वरिष्ठ लोग की व्यस्तता भी है. दो-तीन दिन के अंदर पर्यवेक्षक आ जाएंगे और निर्णय हो जाएगा. कांग्रेस की हार को लेकर रमन सिंह ने कहा, कांग्रेस को अनुमान लगाने में चूक हुई है. कांग्रेस ने जिस प्रकार 5 साल सरकार चलाया है उनकी जिस प्रकार से सरकार रही है वह सरकार को जाना ही था. जनता ने पूरे छत्तीसगढ़ में यह सरकार के खिलाफ वोटों के द्वारा अपना आक्रोश प्रकट किया है. उनके कार्य प्रकृति पर आक्रोश प्रकट किया है. उनके तानाशाही इनके घमंड के प्रति विरोध प्रकट किया है. पूरी तरीके से कांग्रेस को छत्तीसगढ़ से नकार दिया है.

प्रोटेम स्पीकर के लिए बृजमोहन का नाम आगे

प्रोटेम स्पीकर को लेकर रमन सिंह ने कहा, जो सबसे ज्यादा विधानसभा में जीत के आया होता है वह प्रोटेम स्पीकर बनता है. उस क्रम में यदि देखा जाए तो मुझे लगता है सबसे पहला नाम बृजमोहन अग्रवाल का आता है. आठवीं बार जीत कर आए हैं. बृजमोहन का नाम सबसे ऊपर है.

यह अधिकारियों की थी जिम्मेदारी: मूणत

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,6 दिसंबर। बुलडोजर कार्रवाई पर विधायक राजेश मूणत ने कहा कि बीजेपी का मत स्पष्ट है कि शहर विकसित प्लानिंग के साथ बसना चाहिए. अधिकारियों की जिम्मेदारी थी,



उन पर किसका दबाव था, कौन इस प्रकार के कामों को संरक्षण देता था?

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि हमने भय मुक्त प्रशासन की बात कही थी. जनता का सम्मान होना चाहिए. चौराहे पर, अड्डे पर, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था. माता-बहनें जब निकलती तब किसी जाति समाज की नहीं होती. अलग-अलग कमेंट्स किए जाते थे. हमने विपक्ष में रहते हुए सरकार को सचेत करने का काम किया था. चौपाटी प्रदर्शन पर हाई कोर्ट के फैसले के बाद एक्शन लेने वाले सवाल पर राजेश मूणत ने कहा कि सरकार और निगम की तरफ से क्या जवाब दिया गया देखेंगे. किस चीज की जल्दी थी. इतने बड़े पद पर बैठे हैं. नियम, कानून-कायदे सबके लिए हैं. हमने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास. राजतिलक की तैयारी वाले पोस्टर पर राजेश मूणत ने कहा कि राजतिलक की तैयारी करनी है, सरकार आ गई है. हम गंगाजल की कसम खाने वाले नहीं, हम कर के दिखाने वाले लोग हैं. वहीं कांग्रेस के भविष्य को लेकर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बंटवारे को लेकर लड़ाई होगी.

भाजपा की विचारधारा भाई से भाई को लड़ाना: विकास

विकास उपाध्याय ने कहा कि, भाजपा की विचारधारा धर्म से धर्म को और भाई से भाई को लड़ाना है. अधिकारियों की सक्रियता पर भाजपा नेता राजेश मूणत के बयान पर पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, कांग्रेस ने कभी गलत काम का संरक्षण नहीं किया. कांग्रेस ने

सत्ता का घमंड नहीं किया, हालांकि गलत चीजों को हटाना चाहिए, लेकिन अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए दुश्मनी ना निकाली जाए. सही काम करेंगे तो जनता भी आपका समर्थन करेगी. हम सड़क की लड़ाई लड़ेंगे. बुलडोजर कार्रवाई पर राजेश मूणत के बयान पर उपाध्याय ने कहा कि, भाजपा की सोच इसी तरह की है. 15 साल तक उन्होंने कितने लोगों का मकान तोड़ा. भाजपा के चुनाव जीतने के बाद क्राइम रुकना था, लेकिन दो दिनों के भीतर फिर क्राइम की घटना हुई.

महिला के नाम पर विचार कर रहा है भाजपा हाईकमान: रेणुका

रायपुर,6 दिसंबर। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री पद को लेकर नवनिर्वाचित विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि पार्टी हाईकमान महिला मुख्यमंत्री पर विचार कर रहा है. इसके साथ ही भाजपा सरकार की प्राथमिकता गिनाते हुए कहा कि हम महिला को केंद्र बिंदु मानकर काम करेंगे. हमारी सरकार में महिलाओं के लिए बहुत अच्छे काम किए जाएंगे. मुख्यमंत्री पद की दौड़ में आगे चल रहीं भरतपुर सोनहत से नवनिर्वाचित प्रत्याशी रेणुका सिंह ने चर्चा में कहा कि पूर्ण बहुमत आ गया है, लिहाजा मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कमल फूल छाप का ही विधायक बैठेगा. इसके साथ छत्तीसगढ़ को 5 साल में जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करने के साथ-साथ हमारी पार्टी ने जितनी भी घोषणाएं की हैं, सारे संकल्पना को पूरा करेंगे. रेणुका सिंह ने कहा कि महिला सांसद हूं. सांसद होने के नाते प्रधानमंत्री की कैबिनेट में काम कर रही हूं. विधायक के रूप में जनता से आशीर्वाद मिला, मेरी पहली प्राथमिकता है कि मेरे क्षेत्र का विकास हो. आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री में विजन 2047 में देश को सबसे सशक्त राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है. छत्तीसगढ़ इस संकल्प से वंचित न हो जाये, उसे पूरा करने का अधिकार जनता ने दिया है. बस उसे पूरा करने में लग जाएंगे.

मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर रेणुका सिंह ने कहा कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं मालूम है. हमारी सरकार बन गई है, अब उद्देश्य को पूरा करेंगे. जनता को हर सेक्टर में ऊपर लाने का काम किया जाएगा. 2018 में कांग्रेस ने महिलाओं के साथ झूठ बोलकर वोट लिया था. जहां-जहां बीजेपी की सरकार है, वहां महिला को केंद्र बिंदु मानकर काम किया जाता है. प्रधानमंत्री ने महिलाओं को केंद्र बिंदु बनाकर काम किया है.

खेत में मिली युवक-युवती की लाश

अभनपुर,6 दिसंबर। राजिम रोड पर धनश्री विहार के पीछे खेत में एक युवक और युवती की लाश मिली है। सुचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। प्रेमी जोड़े की लाश होने की आशंका जताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों के शव करीब 7 से 8 दिन पुराने बताये जा रहे है, मृतिका की पहचान राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम तरीर्घाट की निवासी के रूप में हुई है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 17 मई 2023 को राजिम थाने में दर्ज कराई गई थी, वहीं मृतक युवक भी उसी गांव का निवासी होने की आशंका है।

पुलिस मामले की जाँच कर रही है। नवा रायपुर सीएसपी भगवान सिंह राठौर भी मौके पर पहुंचे हुए है।

विवादित टिप्पणी के लिए सांसद सेंथिल ने जताया खेद

नई दिल्ली,6 दिसंबर। लोकसभा में बुधवार को द्रमुक नेता डीएनवी सेंथिल कुमार की विवादास्पद टिप्पणी पर सदस्यों के बीच हंगामा हुआ, जिसके कारण कार्यवाही अचानक स्थगित करनी पड़ी। प्रश्नकाल के दौरान जब द्रमुक नेता टी आर बालू पीडीएस पर पूरक प्रश्न उठाने के लिए खड़े हुए तो संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने उनसे सेंथिलकुमार द्वारा मंगलवार को की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगने को कहा। हंगामें के बाद डीएमके सांसद सेंथिलकुमार ने 'विवादास्पद' टिप्पणियों पर लोकसभा में खेद व्यक्त किया।

सेंथिलकुमार ने कहा कि कल अनजाने में मेरे द्वारा दिए गए बयान से यदि सदस्यों और लोगों के एक वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो मैं इसे वापस लेना चाहूंगा। मैं शब्दों को हटाने का अनुरोध करता हूं...मुझे इसका अफसोस है। हालांकि, उनके बयान पर बवाल जारी है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि उन्होंने सदन में की गई टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांगी। इंडिया ब्लॉक पार्टियां उनके साथ खड़ी थीं। क्या ये पार्टियां देश को बांटने की कोशिश कर रही हैं? इस देश को कोई नहीं बांट सकता. भारत के कुछ सदस्य जो देश को उत्तर और दक्षिण में बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वे अपनी साजिश में असफल होंगे।

बीजेपी सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि वे भूल गए हैं कि कर्नाटक में बीजेपी की सरकार थी। कर्नाटक में सबसे ज्यादा सांसद बीजेपी के हैं। तेलंगाना से हमारे 3 सांसद हैं, 8 विधायक चुने गए हैं। उन्हें भारत को बांटने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि सोनिया गांधी इस मामले पर स्पष्टीकरण देंगी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि मैं राहुल गांधी और स्टालिन दोनों पिता-पुत्र (एमके स्टालिन और उदयनिधि स्टालिन) को बताना चाहूंगा कि 'गंगा' और 'गौ' भारत में सनातन की पहचान हैं। 'गौमाता' भारत में सनातन की पहचान है। सनातन का उपहास करना और उसे खत्म करने का प्रयास करना बंद करो...नहीं तो तुम स्वयं खत्म हो जाओगे।

भावना के जनसेवा के कार्यों पर पंडरिया की जनता ने लगाई जीत की मुहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 6 दिसंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के नतीजे रविवार को घोषित किए गए। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत हुई। बोजेपी को चौवन सीटें मिली है तो वहीं, कांग्रेस के हाथ पैंतीस सीटें आई हैं। गोंगपा को सिर्फ एक सीट मिली है। इस दौरान कवर्धा जिले की दो सीटों कवर्धा और पंडरिया में भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की है।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि मैं सबसे पहले पंडरिया विधानसभा की जनता जनार्दन का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ की चुनाव प्रचार से लेकर नतीजों तक उन्होंने अपना भरपूर स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद मुझे प्रदान किया। यह जीत पंडरिया के हर एक व्यक्ति की जीत है, उनकी आकाँक्षाओं और क्षेत्र के विकास के लिए उनके विश्वास की जीत है जिस पर खरा उतरने के लिए मैं अपनी क्षमता से भी बढ़कर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। मैंने अपने पंडरिया के परिवारजनों से जो भी वादे किये हैं वो सभी उनके सहयोग एवं आशीर्वाद से मैं जरुर पूरा करुँगी और पंडरिया विधानसभा को हम पूरे छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभाओं से विकास कार्यों में सबसे आगे रखने के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे। इसके लिए पंडरिया विधानसभा की प्रबुद्ध जनता का मार्गदर्शन मुझे हमेशा मिलता रहेगा यह मुझे पूरा विश्वास है। मैं भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय व प्रदेश नेतृत्व का भी आभार व्यक्त करती हूँ की उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया और इतनी बड़ी जिम्मेदारी मुझे दी। उनके विश्वास और चुनाव के दौरान दिन रात एक करने वाले सभी कार्यकर्ता साथियों एवं पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त करती हूँ मेरी इस जीत में उन सभी का विशेष योगदान है।

भावना को मिले ऐतिहासिक 51 प्रतिशत वोट

पंडरिया विधानसभा की अगर बात करें तो अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं उसमें भाजपा से भावना बोहरा ने 51 प्रतिशत वोट के साथ सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। भावना बोहरा ने कांग्रेस के नीलू चंद्रवंशी को 26398 वोटों से शिकस्त देते हुए अब तक पंडरिया विधानसभा में ऐतिहासिक 51 प्रतिशत वोट हासिल किये। वोट प्रतिशत के आधार पर देखा जाए तो पंडरिया विधानसभा में 2008, 2013 और 2018 में हुए

विधानसभा चुनाव में अब तक भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों में सबसे ज्यादा वोट प्रतिशत के साथ भावना बोहरा ने जीत दर्ज की है।

393 में से 242 से ज्यादा बूथ में जीती भाजपा

मतदाता और बूथ की दृष्टि से देखा जाए तो पंडरिया विधानसभा में 393 बूथ हैं जो लगभग अन्य विधानसभा की तुलना में अधिक हैं। वहीं मतदाता की दृष्टि से भी पंडरिया विधानसभा एक बड़ी विधानसभा है। इसमें भाजपा से भावना बोहरा ने 393 बूथ में से 242 से अधिक बूथ में जीत दर्ज करते हुए कांग्रेस के नीलकंठ चंद्रवंशी को हराया है। इससे यह स्पष्ट है कि पंडरिया विधानसभा की जनता ने इस बार क्षेत्र के विकास और प्रत्याशी की छवि को प्राथमिकता देते हुए मतदान किया है। जनता ने इस बार प्रत्याशी के द्वारा किये गए कार्यों एवं पूर्व में भावना बोहरा द्वारा किये गए कार्यों और उनके द्वारा पंडरिया विधानसभा के लिए निजी तौर पर जारी किये गए घोषणा पत्र पर विश्वास जताते हुए अब तक की सबसे बड़ी जीत उन्हें दिलाई।

केंद्रीय मंत्रियों की सभाओं ने भी पंडरिया को बनाया हॉट सीट

छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केन्द्रीय नेताओं एवं प्रदेश प्रभारियों ने जमकर मेहनत की। पंडरिया विधानसभा में भी अमित शाह, जे.पी.नड्डा और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित किया और भावना बोहरा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। यहां देखने वाली एक बात यह भी रही की भावना बोहरा के निवास ग्राम पंडरिया में गृह मंत्री अमित शाह की सभा में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। इससे साफ़ हो गया था की जनता आखिर किसे इस बार जिताना चाहती थी और 3 दिसंबर को जनता का जनादेश भाजपा के पक्ष में देखने को मिला।

मोदी और भावना की गारंटी पर जनता ने जताया विश्वास

विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने अपने-अपने घोषणा पत्र जारी किये। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार मोदी की गारंटी के नाम से अपना घोषणा पत्र जारी किया जो की जनता और खासकर महिलाओं के बीच काफी प्रभावी रहा। महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए की घोषणा भाजपा का मास्टर स्ट्रोक रहा। इसके साथ ही दो वर्ष का बकाया धान बोनस और 3100 रुपए में 21 क्विंटल/एकड़ धान खरीदी, 18 लाख नए आवास, युवाओं के लिए 1 लाख शासकीय पदों में भर्ती और 6 लाख रोजगार की घोषणा ने प्रदेश में चुनाव को भाजपा के पक्ष में मोड़ने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। इसके साथ ही भावना बोहरा ने भी पंडरिया विधानसभा के लिए निजी तौर पर भावना दीदी की गारंटी सेवा संकल्प पत्र भी लांच किया जिसपर जनता ने पूरा विश्वास जताया। भावना बोहरा द्वारा जिला पंचायत चुनाव के दौरान किये गए अपने सभी वादों को अपने क्षेत्र में पूरा किया, जिन्हें देखते हुए जनता ने उनके वादों को गंभीरता से लिया और उनकी छवि तथा जनसेवा के उनके द्वारा किये गए कार्यों को भी जनता ने भली भांति देखा है जिससे उनके प्रति जनता में एक सकारात्मक प्रभाव भी दिखा।भावना बोहरा ने अपने घोषणा पत्र में मुख्य रूप से महिला, युवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के मूलभूत जरूरतों एवं विकास कार्यों को शामिल किया। उनके द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण व अन्य किसी भी प्रकार की दुविधाओं के निराकरण के लिए जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना,अपने जिला पंचायत क्षेत्र में संचालित छात्राओं के लिए निशुल्क बस सेवा को पूरे विधानसभा में संचालित करने की घोषणा, महिलाओं के लिए कौशल विकास केंद्र, महिला स्वसहायता समूह एवं मितानिनों के लिए भवन, रायपुर में पंडरिया आवासीय भवन, निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब, निशुल्क एम्बुलेंस सेवा, रायपुर में पंडरिया के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, पंडरिया में महाविद्यालय की स्थापना, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, दिव्यांग कल्याण क्लब, नए शक्कर कारखाने की स्थापना व शेयर ट्रांसफर की पुनः शुरुआत, किसान समृद्धि भवन, सुतियापाट नहर विस्तारीकरण, कुकदुर में एकलव्य विद्यालय की स्थापना, आदिवासी क्षेत्रों में विकास कार्य के साथ-साथ सड़क,बिजली,स्वच्छ पानी, नाली निर्माण जैसे मूलभूत व आवश्यक कार्यों को पूर्ण करने की घोषणा जनता के बीच प्रभावी रूप में पहुंची। विगत वर्षों में भावना बोहरा की कार्यशैली, जनसेवा के कार्य, जरुरतमंदों की सहयता व अन्य सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक कार्यों ने जनता के बीच में उनके एक विशेष छवि निर्मित की और पंडरिया विधानसभा की जनता ने उनके इन्हीं कार्यों को देखते हुए उन्हें अपना वोट दिया है।

बूथ स्तर पर अब तक की सबसे बड़ी जीत

पंडरिया विधानसभा में कुल 7 मंडल हैं जिसमें 393 बूथ हैं। वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यहां से केवल 67 बूथ जीते थे लेकिन 2023 में ऐतिहासिक बढ़त बनाते हुए 242 से अधिक बूथ पर भाजपा ने जीत प्राप्त की। इन 242 बूथों में से 174 ऐसे बूथ हैं जिनमे 2018 में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इस बार भाजपा ने इन बूथों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए बहुमत से जीत दर्ज की है। इसके साथ ही इन 174 में से 22 बूथ ऐसे है जिनमें 2018 में भाजपा को 100 से भी कम वोट मिले थे और 2023 में भाजपा ने इन बूथों पर कड़ी मेहनत करते हुए जीत हासिल की है। भाजपा ने रणवीरपुर मंडल की 86 में से 60 बूथ जिसमें जीत का अंतर 10000 से अधिक रहा, पांडातराई मंडल की 42 में 29 बूथ, इंदौरी मंडल की 57 में से 39 बूथ, कुंडा मंडल की 70 में से 46 बूथ और पंडरिया की 49 में से 28 बूथ पर भाजपा की भावना बोहरा ने जीत दर्ज करते हुए 26 हजार से अधिक वोट से अपनी जीत सुनिश्चित की।

एक नजर

कंपनी का ताला तोड़कर की चोरी

भिलाई, 6 दिसंबर। भिलाई जामुल थाना अंतर्गत कंपनी का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सामानों की चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि कदाबिरी नगर धमधा रोड दुर्ग निवासी राजेन्द्र अग्रवाल की अम्बा इस्पात प्रायवेट लिमिटेड, प्लाट नबंर 208, 209, लाइट इण्डस्ट्रीयल एरिया फैक्टरी में मैनेजमेंट का कार्य देखता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 दिसंबर को कंपनी का कार्य खत्म होने पर शाम 7 बजे ताला लगाकर घर आ गया था। अगले दिन सुबह 9 बजे कंपनी के कर्मचारी सुनील यादव गया तो बताया कि कंपनी का गेट, गोदाम, वर्क्स शॉप, ऑफिस का ताला टूटा हुआ था व शटर ऊपर की ओर उठा हुआ है तथा कुछ सामान लोहे का सामान बाहर पड़ा हुआ है तो प्रार्थी कंपनी आया तो देखा कि वर्क्स शॉप में से साफ्ट, नई पुल्ली, कुछ पुरानी पुल्ली, बेरिंग, व कुछ लोहे के आइटम लगभग वजनी 600 किलो एवं गोडाउन से पुराना मशीनरी पार्टस, स्क्रेप इत्यादि कुल कीमती 45,000 रूपये को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था।

अवैध चखना सेंटरों पर कार्रवाई की

भिलाई, 6 दिसंबर। भिलाई प्रदेश के विधानसभा चुनाव के बाद पुलिस ने जिले के अवैध चखना सेंटर के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी पुलिस ने जिले भर के शराब दुकानों के बाहर संचालित 50 से अधिक चखना सेंटर के खिलाफ कार्रवाई कर सामान जब्त किया है दुर्ग जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध चखना सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई की शराब दुकान के बाहर जो लोग खुले में शराब पीते मिले, उनके खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की कार्रवाई के बाद पुलिस ने शराब दुकानों के पास प्वाइंट ड्यूटी लगा दी है ताकि लोग खुले में शराब न पी सकें और अवैध चखना सेंटर दोबारा न खुल सके पुलिस ने दावा किया है कि अवैध चखना सेंटरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी साथ ही अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

चोरी के आरोप तीन बालक पकड़े गए

भिलाई, 6 दिसंबर। भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र नेहरू नगर पश्चिम निवासी सीएफ आदर्श अग्रवाल के घर पर चोरी के आरोप में सुपेला पुलिस ने तीन अपचारी बालकों को गिरफ्तार किया है अपचारी बालकों से चोरी का लैपटाप, टैबलेट, मोबाइल, स्मार्ट वाच, ईयर बड, नकदी रुपये और घटना में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की गई है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि सीए आदर्श अग्रवाल 30 नवंबर की रात को 10ः30 बजे अपने परिवार के साथ अपने रिश्तेदार के घर दुर्ग गया हुआ था रात 11ः30 बजे वे लोग वापस लौटे तो उन्हें अपने घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला घर की आलमारी में से सामान व रुपये गायब थे घटना की शिकायत के बाद सुपेला पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू की और तीनों अपचारी बालकों को गिरफ्तार किया उनसे जब्त सामान की कुल कीमत करीब ढाई लाख रुपये आकी गई है तीनों अपचारी बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

टक्कर से मासूम की मौत

भिलाई, 6 दिसंबर। तेज रफ्तार ट्रक ने तीन वर्षीय मासूम बालक को चपेट में लिया घटना में बालक की मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि न्यू बालाजी नगर जोन-2 खुर्सीपार निवासी एन. श्रीनिवास राव ने शिकायत किया है कि बहू बरखा रेड्डी, उनकी मां जयलक्ष्मी, भतीजा कबीर के साथ अपनी स्कूटी से दुर्ग जा रहे थे नेहरू नगर चौक के पास जैसे ही पहुंचे थे। पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक सीजी 04 एलई 6544 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालाते हुए जोरदार ठोकर मार दी घटना में तीन लोग घायल हुए वहीं गंभीर अवस्था में कबीर रेड्डी को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां कबीर की मौत हो गई मासूम कबीर के पिता अनीश रेड्डी लद्दाख में अर्मी में सुबेदार पद पर है बेटे की मौत की खबर सुनकर परिवार में मातम पसरा है चौक चौराहों पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं जिसेरोकने वाली ट्रैफिक पुलिस भी सिर्फ कार्रवाई कर रही है ट्रैफिक व्यवस्था को अब तक अपडेट नहीं कर पाई है।

बधाइयों का तांता

कवर्धा। जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू और विजय साहू ने गुलदस्ता भेंटकर साजा विधायक ईश्वर साहू को जीत की हार्दिक बधाई दी ।

नुआपाड़ा ओडिशा में एक दिवसीय युवा चेतना शिविर

भिलाई, 6 दिसंबर। अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई दिव्य भारत युवा संघ (छत्तीसगढ़) के मार्गदर्शन में नुआपाड़ा, ओडिशा प्रान्त में एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा चेतना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं प्रज्ञा गीत के साथ किया गया शिविर के पहले भाग में इंजिनियर युगल किशोर ने युवा जाग्रति अभियान के उद्देश्य एवं स्वरुप के बारे में बताते हुए डिवाइन वर्कशॉप को स्कूल एवं कॉलेज के माध्यम से युवाओं तक विचार क्रांति अभियान को सबसे अच्छा माध्यम बताया । उन्होंने किसी एक विषय में अपने आप को स्पेशलिस्ट बनाते हुए

युवाओ तक गुरुदेव के विचारों को पहुचाने का आह्वाहन किया । शिविर के दुसरे भाग में दीया छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संयोजक डॉ पी एल साव ने बताया कि युवा जाग्रति अभियान के आदर्श युवा की छवि कैसी होनी चाहिए । उन्होंने युवाओं से पहले स्वयं साधना, स्वाध्याय, संयम एवं सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाते हुए अपने प्रखर व्यक्तित्व से उदहारण प्रस्तुत करने की प्रेरणा दी । शिविर के तीसरे भाग में डॉ. योगेन्द्र कुमार ने युवा जाग्रति अभियान में युवाओं का दायित्व समझाते हुए गुरुदेव द्वारा दिए गए सातो आंदोलन को विस्तार पूर्वक समझाया। उन्होंने भावनात्मक, वैज्ञानिक एवं प्रायोगिक तरीके से साधना, शिक्षा, स्वाध्याय, स्वावलंबन, पर्यावरण, नारी जागरण एवं व्यसन मुक्ति आन्दोलन को युवाओं तक पहुँचाने के तरीके बताये । कार्यक्रम का सञ्चालन सौरभ कान्त साहू ने किया ।

बदली-बारिश ने बढ़ाया शीत का प्रकोप

भिलाई, 6 दिसंबर। भीषण चक्रवाती तूफ़ान मिचांग का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। पिछले दो दिनों से बदली-बारिश ने जान-जीवन प्रभावित किया है। तापमान में गिरावट आयी है और ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। जिले में अधिकांश स्थानों पर हल्की से माध्यम वर्षा हुयी और घने बादलों के वजह से अनेक स्थलों पर धुंध छाया रहा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सामानयतः बदल छाए रहेंगे तथा एक-दो बार वर्षा होने की सम्भावना है। इसके साथ ही तेज हवाओं के चलने और एक दो स्थानों पर भारी बारिश होने की सम्भावना है। दुर्ग जिले में अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री से. दर्ज किया गया जो कि सामान्य से -3 डिग्री से काम है। न्यूनतम तापमान 19.0 रहा जो कि सामान्य से 4 डिग्री से. अधिक है। बारिश और ठण्ड के कारण गर्म खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ गयी है। चाय ठेलों पर लोगों की आवक जावक बड़ी है। गरमागरम चाय, भजिया,समोसे के साथ ही जलेबी से अन्य गर्म खानेपीने वाली जीचें खूब बिक रही हैं। इसके साथ ही गरम कपड़ों की बिक्री भी बड़ी है। अनेक स्थलों पर ठेले लगाकर लॉट में सस्ते दर पर गरम कपडे बेचे जा रहे हैं जिसे खरीदने वालों की भीड़ लग रही है।

पूर्व विधायक ने जनादेश को स्वीकारते हुए ग्रामीणों का माना आभार

उतई,6 दिसंबर। दुर्गग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक और प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने ग्राम बेलौदी ,मालूद ,नगपुरा ,बोरई ,दमोदा ,खुर्शीडीह ,खुरसुल,गनियारी ,पीपरछेड़ी ,कोटनी एवम् ग्राम मोहलई क्षेत्र में पहुंचकर कार्यकर्ताओं व आम जनों का आभार व्यक्त करते हुऐ जनादेश को स्वीकार करते हुवे आभार प्रकट किया । इस अवसर पर अध्यक्ष केश कला बोर्ड नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख,जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख,झुमुक लाल साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस प्रदीप कुमार चंद्राकार, रिवेंद्र यादव,उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस कृष्णा देवांगन सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, रोहित साहू, कैलाश सिन्हा,कमल नारायण देशमुख, रविंद्र सिन्हा,

रिझन ठाकुर, भरत निषाद, भरत साहू, राजेन्द्र ठाकुर, सरपंच अश्वनी यादव,जॉन,सेक्टर बूथ प्रभारी राजीव युवा मितान,सहित ग्राम वाशी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

बीएसपी ने दिव्यांगों को सहायक उपकरण बांटे

भिलाई, 6 दिसंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से 4 दिसम्बर को बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग में आयोजित कार्यक्रम में चिन्हांकित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ एम रविन्द्रनाथ उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीगण, मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित वरिष्ठ नागरिक और लाभार्थी दिव्यांगजन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का औपचारिक रूप से उद्घाटन कर, संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कार्यपालक निदेशकों के साथ मिलकर 15 लाभार्थियों दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, स्मार्ट केन, स्मार्टफोन, नी ब्रेस और श्रवण यंत्र सहित कई सहायक उपकरण वितरित किए। परीक्षण शिविर में

भिलाई और आसपास के क्षेत्रों के चिन्हांकित 311 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने इस सकारात्मक पहल का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने में काफी मदद मिलेगी और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को रोजमर्रा की जिंदगी में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, हालांकि तकनीकी प्रगति ने दिव्यांगजनों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की है। सामाजिक कल्याण की दिशा में यह संयंत्र का सार्थक प्रयास है। हम सभी को दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत करने में सहायता प्रदान करने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करना चाहिए। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने भी बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा क्षेत्र के जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याण हेतु चलाए जा रहे इस पहल पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकले ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर विभाग की कार्मिक श्रीमती रजनी रजक ने किया तथा महाप्रबंधक शिवराजन नायर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सेल ने देश भर में फैले अपने विभिन्न इकाइयों और यूनिट संस्थानों के माध्यम से बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। विदित हो कि बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा एलिम्को के सहयोग से दिव्यांगजनों व वरिष्ठजनों को सहायक उपकरणों के वितरण हेतु भिलाई और आसपास के विभिन्न स्थानों पर सितंबर, 2023 में निःशुल्क परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था।

रिक्त पदों के भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 10 दिसंबर को

महासमुंद 6 दिसंबर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुन्द (छ0ग0) के अन्तर्गत रिक्त कार्यालय सहायक/क्लर्क एवं रिसेप्शनिस्ट-सह-डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) के पदों पर सीधी भर्ती किए जाने के लिए 10 दिसम्बर 2023 रविवार को प्रथम भाग की लिखित परीक्षा आयोजित की गई है। उक्त प्रथम भाग की लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की अंतिम सूची, प्रवेश पत्र तथा परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी जिला न्यायालय महासमुन्द के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है।

दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन

भिलाई, 6 दिसंबर। दो दिवसीय लर्निंग फ्रॉम इच अदर (लियो) कार्यशाला का 5 दिसंबर को भिलाई निवास में उद्घाटन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट विभाग व मानव संसाधन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यशाला का विषय रिडक्शन ऑफ सिंटर रिटर्न फाइन्स-मुद्दे और अवसर है। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि थे। निदेशक प्रभारी अतनु भौमिक ने भी इस कार्यशाला के प्रथम दिन वर्चुअली उपस्थित होकर कार्यशाला के विषय पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, दुर्ग की प्रिंसिपल डॉ वर्षा पंड्या चौरसिया, मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक ए के घोष, मुख्य महाप्रबंधक बी के बेहरा सहित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीगण, मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित सिंटर प्लाट्स के कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में सेल की विभिन्न इकाई बीएसएल, डीएसपी, आईएसपी, आरएसपी, आरडीसीआईएस और माइन्स के साथ-साथ निजी इस्पात संयंत्रों जेएसडब्ल्यू, आरआईएनएल, टाटा स्टील, नेको, टीएसके, टीएसएम तथा अन्य इस्पात संयंत्रों के सिंटर प्लांट विभाग के कई प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

एक नजर

नाबालिग लड़कियों को ढूंढ कर पुलिस ने परिजनों को सौंपा

राजनांदगांव 6 दिसंबर। प्रार्थियां द्वारा आज दिनांक 05.12.2023 को थाना कोतवाली हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि, कल दिनांक 04.12.2023 को शाम 07:00 बजे इसकी नबालिक पुत्री एवं तथा इसकी बड़ी बहन की नाबालिक पुत्री जो नेहरू गार्डन में घुमने गई थी, जो माँ की बात से नारज होकर बिना बताये दोनों नाबालिक लड़कियां कही चली गई, जिसकी काफी तलाश करने पर कोई पता नहीं चलना बतायी। कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 109/23 एवं 110/23 तथा अपराध क्रमांक 894/23 धारा 363 भादवि0 कायम कर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्ग दर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर मामले की गंभीरता को देखते हुए गठित टीम को राजनांदगांव शहर सहित दुर्ग भिलाई की ओर रवाना किया गया। कि दोनों नाबालिक लड़कियों को रिपोर्ट कायमी के पश्चात चंद घन्टों के भीतर दुर्ग से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी कोतवाली प्र0आर0 जी0 सिरिल, म0आर0 धनसिर भुआर्य, आरक्षक प्रदीप जायसवाल, प्रख्यात जैन, कुश बघेल, अविनाश झा, रंजीत चैरसिया, रूपेन्द्र वर्मा की सराहनीय भुमिका रही।

चरणदास महंत ने बाबा साहब को पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर, 06 दिसंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विशाल भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के निर्वाण दिवस, पुण्यतिथि अवसर पर उन्हें याद करते हुए नमन किया है। डॉ. महंत ने कहा कि, डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को भारत को एक सूत्र में बांधने एवं आधुनिक भारत के संविधान निर्माता जैसे नामों की संज्ञा दी जाती है। बाबासाहेब अंबेडकर जी एक महान और बेहद प्रभावशाली चरित्र वाले महापुरुष थे, बाबासाहेब अंबेडकर अपने पूरे जीवनभर समाज में दलितों को उनका हक दिलवाने के लिए, महिलाओं को उनके अधिकार दिलवाने के साथ समाज में फैली जातिगत असमानता एवं सती प्रथा, बालविवाह, छूआछूत, मूर्ति पूजा और अंधविश्वास जैसी कुरीति को जड़ से खत्म करने के प्रयास में लगे रहे साथ ही उन्होंने समाज में शिक्षा पर भी विशेष जोर दिया।

नगर निगम ने अवैध कब्जे हटाए

रायपुर 6 दिसंबर। आज रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के आदेशानुसार, रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार अभियान चलाकर विभिन्न मार्गो में अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही की है। नगर निगम के नगर निवेश विभाग मुख्यालय उड़न दस्ता एवं जोन की नगर निवेश विभाग की टीम ने पुलिस प्रशासन बल की उपस्थिति में सालेम स्कूल के पास दीवार के समीप अवैध रूप से व्यवसाय कर रहे लगभग 35 ठेलों को हटाकर अभियान चलाकर जप्त करने की कड़ी कार्यवाही की एवं इससे नागरिकों को त्वरित राहत प्राप्त हुई। नगर निगम की टीम ने सांध्यकालीन अभियान चलाकर जी. ई. रोड में एन. आई. टी. के समीप सड़क पर कब्जा जमाकर अवैध रूप से व्यवसायरत लगभग 40 अवैध ठेलों को कड़ाई के साथ जप्त करने की कार्यवाही की है। संतोषी नगर मुख्य मार्ग एवं निगम जोन 9 के क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गो में निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम ने सम्बंधित जोनों की टीम के साथ मिलकर पुलिस प्रशासन बल की उपस्थिति में अभियान चलाकर विभिन्न मुख्य मार्गो को अवैध कब्जों से मुक्त करवाया एवं नागरिकों को त्वरित राहत दिलवाई।

महापौर की कार्यप्रणाली से जनता नाराज

कांग्रेसी पार्षदों के वार्ड मे भी भाजपा को प्रचंड बहुमत..महापौर इस्तीफ़ा दे

रायपुर 6 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी पार्षद दल की आवश्यक बैठक नगर निगम मुख्यालय मे आहूत की गई। बैठक मे सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिली प्रचंड मतों से जीत के लिए जनता का आभार व्यक्त किया गया । रायपुर शहर के चारो विधानसभा मे और लगभग शहर के 70 वार्डो मे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की बहुमत से जीत यह प्रमाणित करता है कि शहर की जनता वर्तमान महापौर की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट है। अतः नैतिकता के आधार पर महापौर जी को इस्तीफा दे देना चाहिए। सत्तापक्ष के पार्षदों के वार्डों मे भी भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशियों की जीत बहुमत से हुई है। इससे स्पष्ट है कि सत्तापक्ष के पार्षद महापौर की कार्यप्रणाली के कारण अपने वार्डों मे भी जीत नही दिला पाये।

विदित हो कि महापौर जनता के द्वारा ना चुनकर अपने पार्षदों के द्वारा चुने गये है। पार्टी के आंतरिक व्यवस्था के तहत एजाज ढेबर महापौर प्रत्याशी थे , जिस प्रकार मुख्यमंत्री ने राज्यपाल महोदय को इस्तीफा सौपा उसी प्रकार महापौर एजाज ढेबर को भी रायपुर कलेक्टर को इस्तीफा सौप देना चाहिए ।

भाजपा पार्षद दल ने महापौर पर आरोप लगाया कि पिछले

चार वर्षो मे शहर की जनता को न पेयजल उपलब्ध करा पाये, न ही चलने को सडक उपलब्ध करा पाये। गरीबो को आवास दिलाने मे महापौर असफल रहे। विद्युत की व्यवस्था चौपट हो गई है। लाखो के स्मार्ट पोल डंप पडे है। सफाई व्यवस्था ठप्प है , करोडो के खरीदे गये डस्टबीन धूल खाते पडे है। शहर मे अवैध कब्जो की भरमार है। आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। मांस मटन की दुकाने बिना अनुमति के रहवासी क्षेत्रों में खोले गए हैं ।रायपुर शहर के 70 वार्डों में विकास कार्य का अता पता नही है , केवल घोषणाएं हुई है , भूमि पूजन हुआ है लेकिन नगर निगम को राज्य की कांग्रेस सरकार से राशि अब तक नही मिली है । पिछले 4 सालों में कांग्रेसी महापौर अपनी ही सरकार से विकास कार्य के लिए राशि नही ला पायें है । कुल मिलाकर महापौर प्रत्येक क्षेत्र मे जनता की समस्याओं का निराकरण करने मे असफल रहे हैं

जिस पर राजधानी की जनता ने भी मुहर लगाते हुए रायपुर शहर के चारों विधानसभा पर भाजपा प्रत्याशियों को प्रचण्ड मतों से विजयी बनाया है । अब शहर की सत्ता से महापौर एजाज ढेबर के इस्तीफे की मांग भाजपा पार्षद दल करता है और संगठन के निर्णय अनुसार अविश्वास प्रस्ताव पर अपनी रणनीति निर्धारित करेगी । उक्त बैठक मे श्री मनोज वर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष, श्री मृत्युजंय दुबे, श्री सुर्यकांत राठौड़, डॉ.प्रमोद साहू, श्रीमती सीमा संतोष साहू, श्रीमती कामिनी पुरूषोतम देवांगन, श्रीमती सरिता वर्मा, श्री नारद कौशल, श्रीमती सुशीला धीवर, श्रीमती विश्वदिनी पांडेय, डॉ.सीमा कंदोई, श्री रोहित साहू, श्री भोला साहू, श्री विनोद अग्रवाल, श्रीमती गोदावरी गज्जू साहू, श्री रवि धुव्र, श्रीमती सावित्री जयमोहन साहू, श्री अमर बंसल, श्रीमती टेसू नंदकिशोर साहू उपस्थित थे।

पुलिस के हत्थे चढ़े 3 शराब तस्कर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 6 दिसंबर। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में निरीक्षक भरत बरेठ के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव परिणाम उपरांत अवैध शराब परिवहन कि सूचना पर लगातार निगाह रखी जा रही थी इसी कडी में आज दिनांक- 05.12.2023 को मुखबीर सूचना मिला कि मारूति इको क्रमांक- सीजी 08 जेड 3741 जो बोरतलाब के तरफ से शराब भरकर डोंगरगढ़ की ओर आ रही है कि सूचना पर ग्राम खरकाटोला नाला के पास घेराबंदी कर बोरतलाब की ओर से आ रही वाहन मारूति इको क्रमांक- सीजी 08 जेड 3741 को रोक चेक करने पर वाहन में 03 व्यक्ति बैठे हुये मिले जिसे नाम पता पुछकर वाहन का तलाशी लेने पर वाहन में दो सफेद रंग के कार्टुन में देशी दारू सेवन स्टॉर पंच, महाराष्ट्र निर्मित शराब प्रत्येक कार्टुन में 48-48 पौवा भरी हुई

शीलबंद व 04 खाकी रंग के कार्टुन में देशी दारू संत्री 5000 महाराष्ट्र निर्मित प्रत्येक कार्टुन में 48-48 पौवा शीलबंद भरी हुई कुल 288 पौवा

मात्रा- 51.840 बल्क लीटर देशी दारू महाराष्ट्र राज्य निर्मित शराब किमती- 20160/-रू0 मिला जिस संबंध में पूछताछ करने पर आरोपीगण द्वारा वैधानिक प्रत्युत्तर प्रस्तुत नही किया गया। जो उक्त शराब एवं वाहन को जप्त कर आरोपीगण का उक्त कृत्य आबकारी एक्ट की परिधि में आने पर आरोपीगण के विरूध्द थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक-776/23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले पुलिस अधिकारी - सउिन धन्नालाल सिन्हा, प्र0आर0 214 महादेव साहू, आरक्षक 985 चंद्रप्रताप सिंह, आरक्षक 560 प्रवंश सिंह, आरक्षक 171 गजेन्द्र भारद्वाज, आरक्षक 965 वीर बहादुर, आरक्षक- 245 लक्ष्मी मण्डावी, आरक्षक 301 सकुन दास साहू एवं आरक्षक 1281 रोमेन्द्र साहू ।

नाबालिग लड़की को चाकू दिखाकर अनाचार करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 6 दिसम्बर। पुलिस चौकी चिखली में दिनांक 09.10.2023 को को प्रार्थीया रिपोर्ट दर्ज करायी की मेरी नाबालिक लडकी को आरोपी किशोर ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया है जिससे कारण वह गर्भवती हुई है कि प्रार्थीयों के रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिखली में धारा 376,376(2)(एन),506 भादवि 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन चौकी चिखली पुलिस टीम तैयार की गई एवं पता तलाश हेतु टीम बैतुल मध्यप्रदेष रवाना किया जो सायबर सेल कि तकनीक सहयोग से पुलिस टीम द्वारा पता तलाश कर दबिष देकर आरोपी किशोर भट्टाचार्य पिता निरोद

भट्टाचार्य उम्र 41 साल निवासी शांतिपूर 01 चोपना रोड थाना चोपना बैतुल मध्यप्रदेश को अभिरक्षा में लेकर आए ,और पूछताछ, शिनाख्तगी बाद आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफतार कर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। इस प्रकार उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन,, म0प्र0आर0 वंदना पटले, आर0 राजकुमार बंजारा, मोरध्वज देशलहरे, किशोर मार्बल चौकी चिखली,आर हेमंत, आदित्य सिंह सायबर सेल का महत्वपूर्ण भूमिका रहा है।

ठंड बढने पर निगम ने शहर के अनेक स्थानों पर की अलाव की सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 6 दिसम्बर। नगर निगम द्वारा इस वर्ष भी शीत ऋतु पर नगर के निर्धनों एवं श्रमिक जनों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए पेण्ड्री मेडिकल कालेज, नया बस स्टैण्ड एवं रेल्वे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। अत्यधिक ठंड पडने पर निगम द्वारा शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों एवं चौक चौराहो पर भी अलाव की व्यवस्था की जायेगी।

उक्ताशय की जानकारी देते हुये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि ठंड को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव में निर्धनों व श्रमिकों को शीत लहर से बचाने के लिये नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष अलाव जलाया जाता है, इसी कडी में इस वर्ष शीत ऋतु में ठंड बढ़ने पर पेण्ड्री मेडिकल कालेज, नया बस स्टैण्ड एवं रेल्वे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ठंड बढ़ने को देखते हुये शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों जैसे पुराना बस स्टैण्ड, आम्बेडकर चौक, ठा.प्यारेलाल चौक, गुरूद्वारा के पास, महावीर चौक, पोस्ट आफिस चौक, चिखली देशमुख होटल के पास, नंदई चौक के अलावा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी नागरिकों के लिये अलाव की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने ठंड को ध्यान में रखते हुये शहर के प्रमुख स्थानों पर जलाये जा रहे अलाव को देर रात्रि तक जलाये रखने के निर्देश दिये है।

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की अनदेखी,बघेल सरकार को पड़ी भारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 6 दिसम्बर। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा के बंपर जीत के कई कारण हैं जिसमें से आजाद भारत में पहली बार मंत्रालय से लेकर गांव के अंतिम छोर तक अधिकारी, कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, संविदा कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका, रसोइया कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, मितानिन बहनें, वाहन चालकों, पंचायत शिक्षक, अतिथि शिक्षक संघ, पंचायत सचिव संघ, रोजगार सहायक संघ, सरपंच संघ द्वारा आज तक के इतिहास शायद पहली बार किसी सरकार के कामकाज को लेकर एवं अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद कर अपनी मांगों को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ते रहे। लेकिन शासन प्रशासन की ओर से किसी भी संगठन के मांगों पर कोई सूध नहीं लिया गया जिससे सभी विभागों के आंदोलनरत कर्मचारियों में सरकार के नाराजगी रही। चुनाव के दौरान भूपेश सरकार के द्वारा कर्ज़ माफी का गेम भी खेला गया। लेकिन यहां पर यह बताना जरूरी है कि लगभग 40त्न किसान इन्हीं कर्मचारियों के परिवार से हैं। जिसके कारण कर्ज़ माफी का सरकार का गेम नाकाम साबित हुई। वर्ष 2018 में नियमितीकरण की मांग कर रहे दैनिक वेतन भोगियों को कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना स्थल पर आकर भरोसा दिलाया था कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर दैनिक वेतन भोगियों सहित सभी आंदोलनरत कर्मचारियों को नियमितीकरण किया जाएगा, किंतु सरकार बनने पर किसी भी प्रकार से कोई राहत नहीं मिली जिससे कर्मचारियों, और खासकर महिलाओं का वोट कांग्रेस पार्टी को नहीं मिली। मानिकपुरी ने कहा कि एक बहुत बड़ा वर्ग केंद्र की योजनाओं के लाभार्थियों का है।

पहले से ही बीमारी लगने के कारण धान की उपज हो रही है कम

खराब मौसम ने बढ़ाई अंचल के किसानों की चिंता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

अंवरी 6 दिसंबर। दीपावली त्यौहार के बाद अब धान कटाई कार्य में तेजी आ गई है। खेतों में खड़ी फसल को काटने में किसान जुट गए हैं। जिन किसानों ने अपने धान की कटाई कर ली है, वह धान की मिंजाई कर रहे हैं। दूसरी ओर खराब मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है

खेतों में फसल पककर तैयार है और खराब मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम के खराब रहने और बारिश होने की स्थिति में किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। मंगलवार को एक बार फिर अंवरी अंचल में मौसम में बदलाव देखने को मिला। सुबह से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई थी, जो कुछ देर में बंद हो गई, लेकिन दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। बदलते मौसम ने किसानों कीपरेशानी बढ़ा दी है।

खेतों में पककर तैयार धान की फसल को बेमौसम बारिश से बड़े नुकसान की आशंका के चलते

किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच गई हैं। अधिकांश किसानों ने अभी धान की कटाई नहीं की गई और कई किसानों की फसल कटाई के बाद खेत में ही है। ऐसी स्थिति में बारिश होने से किसानों को नुकसान हो सकता है।

किसान भूनेश्वर साहू, थम्मन, गोलू, ने कहा कि कई किसानों ने फसल की कटाई अभी शुरू की है। मौसम में बदलाव आने और बारिश होने से धान की फसल को नुकसान होगा। बारिश होने से धान के पौधे खेतों में गिर जाएंगे, जिससे बालियां झड़ जाती हैं। जिससे किसानों को काफी नुकसान हो सकता है। खेत में धान की कटाई कर रहे कृषक ने बताया कि धान की फसल तैयार हो गई है। ऐसी स्थिति में बारिश व बादल फसल के लिए नुकसानदायक साबित होगा। बारिश से सीधा नुकसान होगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देर हुई बोआई के कारण फसल देर से तैयार हुई है और अधिकांश किसानों ने धान के फसल की कटाई नहीं की है। किसानों ने यह भी बताया की बीमारी लगने के कारण कई धान की फसले ख़राब हो गई है और अब कुछ बचे फसल को मौसम की खराबी के चलते बचे हुए फसल भी बर्बाद हो जायेंगे।

डोंगरगांव पुलिस को चोरी के मामले में मिली सफलता

राजनांदगांव 6 दिसंबर। थाना डोंगरगांव ङ्क दिनांक 05.12.2023 को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे अपराधियों पर सिकंजा कसने हेतु जारी कार्यवाही के दौरान पता तलाश मे मुखबीर सुचना मिला कि डोंगरगांव मे एक व्यक्ति के द्वारा अपने पास रखे मोबाईल को सस्ते मे बेचने हेतु ग्राहक की पुछताछ कर रहा है कि मुखबीर सुचना पर , संदेही व्यक्ति से मोबाईल के संबंध मे पुछताछ करने पर पता चला कि उक्त मोबाईल थाना डोंगरगांव के अपऊक्र 317/23 धारा- 457,380 भादवि , की है जो उपडाक घर डोंगरगांव से दिनांक 29.11.23 की रात्रि मे चोरी हुआ है , संदेही को बारीकी से पुछताछ करने पर बताया कि वह मोबाईल उपडाक घर डोंगरगांव से चोरी किया है , आरोपी राहुल टांडेकर पिता श्री राजेश टांडेकर , उम्र- 19 साल , पता ङ्क वार्ड नं0 02 , किल्लापारा डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, छ0ग0 धारा सदर मे आज दिनांक 05.12.23 को गि0 कर मा0 न्यायालय को ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है । उक्त कार्यवाही मे थाना डोंगरगांव पुलिस स्टाफ का विशेष योगदान रहा है ।

डबल इंजन की सरकार से अब फिर दिखेगा छत्तीसगढ़ का विकास: कमल सोनी

राजनांदगांव 6 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सोशल मीडिया प्रभारी कमल सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जादू चला है। आने वाले समय में तेलंगाना और मिजोरम में भी कमल खिलकर रहेगा, उन राज्यों में लोकसभा चुनाव में कमल खिलाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रयास निरंतर जारी है। अब छत्तीसगढ़ में विकास के नए सोपान तय होंगे। छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह की करीब 45000 मतों से ऐतिहासिक जीत यह दर्शाता है कि उनके लोकप्रियता कितनी बढ़ी है। यह जनता जनार्दन की जीत है। आम जनता ने भाजपा को तीनों राज्यों में पूर्ण बहुमत के साथ ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार को सत्ता से बेदखल करते हुए भाजपा को बहुमत के साथ सत्ता की चाबी सौंपी है, जिस पर उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता सहित खास तौर से राजनांदगांव की जनता का आभार व्यक्त किया है। श्री सोनी आगे कहा कि प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास जताया है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों पर अपना मुहर लगाया है। प्रधानमंत्री मोदी नीत केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र आम जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा करेंगे। जनता ने प्रदेश में एक स्वच्छ प्रशासन के लिए अपना मत भाजपा को देकर जीत दिलाई है। राज्य के मतदाता भारतीय जनता पार्टी की मुख्य राष्ट्रीय धारा से जुड़ चुके हैं और इसका परिणाम सामने है। भारतीय जनता पार्टी तीनो राज्य में चुनाव जीते है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की जीत कार्यकर्ताओं और भाजपा के नेताओं की लगातार मेहनत का नतीजा है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर मतदाताओं ने मुहर लगाकर प्रदेश में भाजपा को सत्ता सौंपी है। अब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने से छत्तीसगढ़ में विकास दिखेगा।

भखारा मुख्य मार्ग पर स्पीडब्रेकर नहीं होने से बड़ी दुर्घटना की आशंका

अंवरी 6 दिसंबर। नगर पंचायत भखारा के अंदर जब से चिकनी सड़क बनी है आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है जिससे निजात दिलाने नगर वासियों ने मुख्य मार्ग में स्पीड ब्रेकर बनाने प्रशासन से कई बार मांग किया जा चुका है। लेकिन अभी तक गति ब्रेकर नहीं बना है जिसके चलते वाहन 50 - 60 के तेज रफ्तार से चलते हुए निकलते हैं देखा जाए तो वही रोड पर पूरा मार्केट है और वही आत्मानंद स्कूल जहां छोटे-छोटे बच्चे पढ़ाई करने जाते हैं? इस संबंध में नगर वासीयों ने बताया कि भखारा से धमतरी-रायपुर की ओर भारी-भारी वाहन दिन और रात गुजरती है। सड़क बनने के बाद सभी वाहने तेज गति से चलती है जिससे सड़क हादसे में बढ़ोतरी आई है गत वर्ष 2022-23 में जानलेवा दुर्घटना हो चुकी है दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने के लिए शहर के भीतर पब्लिक प्लेस स्थलों में ब्रेकर बनाना बहुत जरूरी है।

रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 10 दिसंबर को

महासमुंद 6 दिसंबर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुन्द (छ0ग0) के अन्तर्गत रिक्त कार्यालय सहायक/क्लर्क एवं रिसेप्शनिस्ट-सह-डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टाईपिस्ट) के पदों पर सीधी भर्ती किए जाने के लिए 10 दिसम्बर 2023 रविवार को प्रथम भाग की लिखित परीक्षा आयोजित की गई है। उक्त प्रथम भाग की लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की अंतिम सूची, प्रवेश पत्र तथा परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी जिला न्यायालय महासमुन्द के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र जिला न्यायालय महासमुन्द के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। पृथक से किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किया जाएगा। लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी जिला न्यायालय महासमुन्द के वेबसाईट से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

आज का सामाजिक सच

ओबीसी अस्मिता का उभार अब गुजरे जमाने की बात हो चुका है। इस बीच खुद ओबीसी के अंदर विभिन्न जातीय अंतर्विरोध तीखा रूप ले चुके हैं। दूसरी तरफ ओबीसी अस्मिता का दलित-आदिवासी समूहों के साथ टकराव खड़ा हुआ है। तीन हिंदी भाषी राज्यों के चुनाव नतीजों से साफ है कि जातीय अस्मिता को अपनी चुनावी रणनीति का आधार बनाने की कांग्रेस की रणनीति उसे बहुत महंगी पड़ी। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि यह रणनीति आज की सामाजिक हकीकत की नासमझी पर आधारित है। इसमें इस समझ का अभाव है कि 1990 के दशक में हुआ ओबीसी अस्मिता का उभार अब गुजरे जमाने की बात हो चुका है। इस बीच खुद ओबीसी के अंदर विभिन्न जातीय अंतर्विरोध तीखा रूप ले चुके हैं। दूसरी तरफ ओबीसी अस्मिता का दलित-आदिवासी समूहों के साथ टकराव खड़ा हुआ है। निहितार्थ यह कि अब ओबीसी गोलबंदी की बात करने पर टकराव सिर्फ सवर्ण जातियों से नहीं उभरता, बल्कि ₹बहुजन₹ की जो धारणा एक समय पेश की गई थी, उसमें शामिल कई अन्य समूहों के साथ भी अंतर्विरोध खड़ा हो जाता है। छत्तीसगढ़ के चुनाव नतीजों के सामने आ रहे विश्लेषणों से ये तमाम बातें पुष्ट होती हैं।

जातीय जनगणना पर जोर देते हुए ओबीसी गोलबंदी की कांग्रेस की रणनीति ने आदिवासी समुदायों को उसके खिलाफ खड़ा कर दिया। वहीं ओबीसी के अंदर चूंकि मुख्यमंत्री कुर्मी समुदाय से आते थे, तो साहू समुदाय के लोगों ने अपने को उपेक्षित महसूस किया। कहा जा रहा है कि आदिवासियों के साथ-साथ इस समुदाय के अधिकांश वोट भी भाजपा को चले गए। ऐसा देश के दूसरे राज्यों में भी देखने को

संपादकीय

मिला है। तो निष्कर्ष स्पष्ट है। जब ओबीसी या दलित की सामूहिक राजनीतिक अस्मिता ही कमजोर हो चुकी है, तो अन्य उत्पीड़ित अस्मिताओं के साथ मिलकर सवर्ण विरोधी एक बड़ी राजनीतिक अस्मिता बना पाने का अब कोई आधार नहीं बचता। इसके बावजूद कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों का ऐसी गोलबंदी से उम्मीद जोड़े रखना यही बताता है कि जमीन से उनका संबंध टूट चुका है। उनकी ये अल्पदृष्टि इन समुदायों को बड़ी हिंदू पहचान के अंदर समेटने की भाजपा की कोशिश में सहायक बनी है। अपनी इसी रणनीति के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वे सिर्फ चार जातियों- किसान, मजदूर, महिला और गरीब- को जानते हैं। मतलब यह कि अब भाजपा की रणनीति वर्गीय पहचान को भी हिंदुत्व के अंदर समाहित करने की है।

विपक्ष के लिए विचारणीय

बेशक, आज भाजपा के पास अकूत संसाधन हैं। लेकिन उसकी जीत का सिर्फ यही कारण नहीं है। बल्कि वह अपनी हिंदुत्व की राजनीति के पक्ष में इतनी ठोस गोलबंदी कर चुकी है कि चुनावों में उसे परास्त करना अति कठिन हो गया है। चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों का केंद्रीय संदेश यह है कि विपक्ष के पास भारतीय जनता पार्टी की राजनीति की कोई काट नहीं है। तेलंगाना का नतीजा अपवाद है- इसलिए कि वहां सत्ता एक गैर-भाजपा पार्टी के हाथ से निकल कर दूसरी गैर-भाजपा पार्टी के हाथ में गई है। इससे राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा को कोई नुकसान नहीं होगा। असलियत तो यह है कि वहां भी भाजपा ने अपनी सीट और वोट प्रतिशत में इजाफा ही किया है। बहरहाल, आज भी भाजपा का मुख्य गढ़ हिंदी भाषी प्रदेश और देश का पश्चिमी हिस्सा हैं। जिन तीन हिंदी प्रदेशों में चुनाव हुआ, वहां भाजपा ने अपना दबदबा फिर दिखा दिया है। स्पष्ट है कि इन तीन राज्यों में मुख्य विपक्षी पार्टी यानी कांग्रेस भाजपा से होड़ में आगे निकलने का तोड़ नहीं ढूंढ सकी। इसकी वजह यह है कि जहां 2014 के बाद भारतीय राजनीति का संदर्भ बिंदु आमूल रूप से बदल चुका है, वहीं ये पार्टी (वैसे तमाम विपक्षी पार्टियों का यही हाल है) अपने अतीत और कुछ सियासी टोना-टोटकों से भाजपा को हरा देने की जुगत से ज्यादा नहीं सोच पाती। बेशक, आज भाजपा के पास धन एवं प्रचार माध्यमों के रूप में अकूत संसाधन हैं। लेकिन उसकी जीत का सिर्फ यही कारण नहीं है। बल्कि वह अपनी हिंदुत्व की राजनीति के पक्ष में इतनी ठोस गोलबंदी कर चुकी है कि चुनावों में उसे परास्त करना अति कठिन हो गया है।

शीतलहर में समस्या बनते 'धुआं,धुंध और धूल'

मौसम
निर्मल रानी

दिल्ली जैसे घने राज्य में तो सम-विषम नंबरों के आधार पर यातायात को इसलिए नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है ताकि वातावरण में धुआं नियंत्रित किया जा सके। किसानों को अपने खेतों में पराली तथा फसलों के अवशेष जलाने से रोका जाता है। इसके लिये कानून भी बनाये गये हैं। इसके अतिरिक्त हमारे धर्म प्रधान देश में धूप अगरबत्ती,लोबान,हवन दिया बाती आदि के माध्यम से तो पूरे देश में ही प्रदूषण होता ही रहता है।

साधन संपन्न लोगों के लिये बेशक सर्दी का मौसम प्रकृति प्रदत्त एक अनमोल सौगात है। क्योंकि वे अपनी सुविधानुसार गर्म कपड़ों, मंहगे कंबल रजाई,घरों में तापमान गर्म रखने के लिये विभिन्न प्रकार के ब्लोअर ,हीटर आदि यहाँ तक कि अपनी गाड़ियों में भी गर्म हवा की सारी व्यवस्था कर पाने की आर्थिक सामर्थ्य रखते हैं। परन्तु ठीक इसके विपरीत मंहगाई के इस दौर में जबकि इंसान का दो वक़्त की रोटी का प्रबंध कर पाना भी मुश्किल हो रहा हो,ऐसे में कोई भी गरीब आदमी सर्दियों से बचने के लिये इस तरह की सुविधाओं की बात सोच भी नहीं सकता। परन्तु वह गरीब व्यक्ति या उसका परिवार भी शीत लहरी के प्रकोप से स्वयं को बचाने के उपाय जरूर ढूंढता है। और किसी गरीब या बेघर व्यक्ति के लिये सर्दियों से बचने का सबसे सुगम सस्ता व उपलब्ध साधन होती है 'आग'। अक्सर देखा गया है कि शीतलहरी का प्रकोप बढ़ने पर ठण्ड से अधिक प्रभावित होने वाली विभिन्न राज्य सरकारें ऐसे गरीबों व बेघर लोगों की सुविधा के लिये सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने का भी प्रबंध करती हैं। परन्तु सही मायने में भारत जैसे विशाल देश में खास कर उत्तर भारत के शीत लहरी प्रभावित घनी आबादी वाले राज्यों में हर गरीब व बेघर तक न तो सरकार के 'अलाव ' की आंच पहुँचती है न ही सरकार द्वारा अलाव जलाने हेतु आवंटित पूरी धनराशि लकड़ियां खरीदने पर खर्च की जाती होंगी।

इसी ठण्ड से बचने के लिये जब गरीबों,भिखारियों व बेघर लोगों को कुछ नहीं सूझता तो वे जगह जगह झुण्ड के रूप में इकट्ठे होकर स्वयं आग जलाने की व्यवस्था करते हैं। परन्तु इनके द्वारा जलाई गयी आग में अधिकांशतः पॉलीथिन,प्लास्टिक,पाऊच,दूध की खाली थैलियां यहाँ तक कि रबड़,टायर ट्यूब और पानी व कोल्ड ड्रिंक की बोतलें जैसी जहरीला धुआं छोड़ने वाली वस्तुयें जलाई जाती हैं। इसके दुष्प्रभाव से अनजान इस वर्ग को इस बात का ज्ञान ही नहीं कि उनके द्वारा जलाई गयी सामग्री से उठने वाला जानलेवा धुआं न केवल उनके अपने लिये धीमा जहर का काम कर रहा है बल्कि यह आस पास के पूरे वातावरण को भी प्रदूषित कर रहा है और दूसरे तमाम राहगीरों या उस क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ के लिये भी समस्या खड़ी कर रहा है। यह स्थिति उन दिनों में और भी ज्यादा भयावह हो जाती है जब सर्दियों के दिन और रातें घने कोहरे और धुंध की चादरों में लिपटी होती हैं। इस मौसम में प्रायः हवा भी नहीं चलती और उसी धुंध में यह जहरीला धुआं मिलकर वातावरण को इतना दुर्गन्धयुक्त,जहरीला व प्रदूषित बना देता है कि आम लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। दमा,अस्थमा,सांस व कफ खांसी के मरीजों का तो इस वातावरण से गुजारना ही गोया मौत को दावत देने के सामान है।

जहरीले धुयें के दुष्प्रभाव से केवल गरीब अनपढ़ या भिखारी बेघर वर्ग ही अनभिज्ञ नहीं बल्कि अक्सर यह भी देखा गया है कि स्थानीय नगर पालिकाओं के सफाई कर्मचारी भी झाड़ू से कूड़ा इकठ्ठा कर जगह जगह उसकी ढेरियां बना कर खुद ही अपने हाथों से उसमें आग लगा देते हैं। उस कूड़े के ढेर में भी अधिकांशतः प्लास्टिक,पॉलीथिन,पन्नी व रबड़ आदि ही रहता है जोकि जहरीला धुआं छोड़ता है। मजे की बात तो यह है कि एक बेघर या गरीब व्यक्ति तो केवल सर्दियों में अपने को शीतलहरी से बचाने के लिये प्लास्टिक,रबड़ आदि जलाता है परन्तु सफाई कर्मचारी और कबाड़ का काम करने वाले वे लोग जो रबड़ की तारों को जलाकर उसमें से तांबे के तार निकालते हैं,वे तो वर्ष भर अपने इसी 'प्रदूषण फैलाओ अभियान ' में लगे रहते हैं ? और प्रशासन व सरकारें मूक दर्शक बनकर आजाद देश के इन आजाद नागरिकों की करतूतों को देखती व नजरअंदाज करती रहती हैं ।

और जब इसी धुंध और धुएं में धूल भी शामिल हो जाये फिर तो सरकारें और डॉक्टर्स सभी यही सलाह देने लगते हैं कि अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। ऐसे ही अत्यंत प्रदूषित व स्वास्थ के लिये खतरनाक वातावरण में सरकारें स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर देती हैं। निर्माण कार्य बंद कर दिए जाते हैं। रेत, मिट्टी, बजरी आदि गृह निर्माण की ऐसे सामग्री जिसके आवागमन से मार्ग में प्रदूषण फैलता हो उन्हें प्रतिबंधित कर दिया जाता है। दिल्ली जैसे घने राज्य में तो सम-विषम नंबरों के आधार पर यातायात को इसलिए नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है ताकि वातावरण में धुआं नियंत्रित किया जा सके। किसानों को अपने खेतों में पराली तथा फसलों के अवशेष जलाने से रोका जाता है। इसके लिये कानून भी बनाये गये हैं। इसके अतिरिक्त हमारे धर्म प्रधान देश में धूप अगरबत्ती,लोबान,हवन दिया बाती आदि के माध्यम से तो पूरे देश में ही प्रदूषण होता ही रहता है। परन्तु धर्म भीरुओं की मानें तो उनके द्वारा फैलाया जाने वाला प्रदूषण,प्रदूषण नहीं बल्कि वातावरण को 'शुद्ध' करने वाला पवित्र धुआं होता है।

ठीक इसके विपरीत दुनिया में अनेक जागरूक देश ऐसे भी हैं जहाँ किसी भी प्रकार का धुआं फैलाना अपराध की श्रेणी में गिना जाता है। यह कहने की जरुरत नहीं कि ऐसे देश शिक्षित,जागरूक,अन्धविश्वास से दूर और आर्थिक रूप से संपन्न भी हैं। ऐसे देशों की सरकारें अपने नागरिकों के लिये हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराती हैं। बेशक गरीबी वहां भी है परन्तु उनकी स्थिति ऐसी दयनीय भी नहीं कि उन्हें सड़कों से पॉलीथिन,प्लास्टिक,रबड़ या प्लास्टिक की बोतलें चुनकर जलानी पड़ें और इस तरह सर्दियों में अपनी जान बचानी पड़े। न ही वहां का कबाड़ी या सरकारी अमला कूड़े इकठ्ठा कर उनमें आग लगाकर प्रदूषण फैलता है। बजाये इसके ऐसे देश वृक्षारोपण पर ज्यादा तवज्जोह देते हैं।

लिहाजा यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों की सुविधा व स्वास्थ की चिंता पूरी ईमानदारी से करे। ग्राम पंचायत स्तर से लेकर शहरी वार्ड स्तर तक रेलवे स्टेशन पार्क व अन्य सभी सार्वजनिक स्थलों पर रहने वाले गरीबों भिखारियों व बेघर लोगों को शीत लहरी से बचाने की प्रभावी व्यवस्था करे। चाहे उनके लिये समुचित आश्रय स्थल बनाकर या लकड़ियों के अलाव जलाकर।

इसके अतिरिक्त सफाई कर्मियों द्वारा कूड़ा इकट्ठाकर जलाये जाने की प्रवृति पर भी अंकुश लगाया जाये। साथ ही एक निगरानी तंत्र विकसित किया जाये जो अनावश्यक रूप से उठने वाले धुंए पर नजर रख सके। साथ ही अकारण व अवांछित धुआं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। क्योंकि प्रत्येक वर्ष शीत लहरी के दिनों में 'धुआं,धुंध और धूल' आम लोगों के स्वास्थ के लिये एक बड़ी समस्या बन जाते हैं।

आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बिजनेस से रिलेटेड आप अपने कर्मचारियों के साथ मीटिंग करेंगे व्यापारिक लाभ पर चर्चा करेंगे। आप किसी बिजनेस की शुरूआत करेंगे जिसमे परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। बच्चो के साथ पार्क में घूमने जायेंगे, बच्चो में उत्साह देखने को मिलेगा। आपके पेंडिंग वर्क कम्पलीट होंगे, जिससे टेंशन कम होगी।

वृष राशिःआज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। ट्रांसपोर्ट के व्यापारी आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ कमाएंगे। आज आपके दयालु स्वभाव कोई कोई अनजान आदमी फायदा उठाना चाहेगा। अनजान लोगो से आज आपको सावधान रहने की जरुरत है। आज माता-पिता के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। आपके आसपास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा जिसमें आपका परिवार शामिल होगा।

मिथुन राशिःआज आपका दिन खुशहाल रहेगा। नयी कार्य योजनाओं को स्टार्ट करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा । प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले में कहीं बाहर जाना पड़ेगा। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट अच्छी कम्पनी में होने के योग बने हुये है ।

कर्क राशिःआज आपका दिन लाभदायक रहेगा। दूर-दराज के लोगों से सम्पर्क बनाकर बिजनेस करना लाभकारी रहेगा और बिजनेस भी दूर तक फैलेगा। इस राशि की महिलाओं को बिजनेस में आज ज्यादा ही लाभ होगा। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का कार्य आज पूरा हो जायेगा। होलसेल का बिजनेस कर रहे लोगों को अधिक मुनाफा होगा । जो लोग फिल्म जगत से जुड़े हैं उनको काम का अच्छा ऑफर मिल सकता है।

सिंह राशिःआज आपका दिन नयी-नयी खुशियाँ लेकर आएगा। अच्छे भविष्य के लिए आप कंप्यूटर कोर्स ज्वाइन कर सकते हैं। विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। हेल्थ से रिलेटेड प्रोब्लम्स आज खत्म होगीं, जिससे आप ज्यादा एनर्जेटिक रहेंगे और आपका मन खुश रहेगा। किसी बचपन के मित्र से मुलाकात होगी पुरानी यादें ताजा होंगी।

कन्या राशिःआज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप खुद को आर्थिक तौर पर मजबूत करने की कोशिश करेंगे और सफल भी रहेंगे। विरोधी आपकी कार्यशैली से प्रभावित होकर दोस्ती का हांथ बढ़ा सकते हैं। अपने जीवनसाथी का समर्थन और प्यार आपके दाम्पत्य जीवन को मजबूत करेगा। आप किसी कॉलेज में एडमिशन लेने का मन बना सकते है। आपका भविष्य अच्छा बनेगा। आज दूसरों के मामलों में दखल ना दें, आवश्यकता पड़ने पर ही अपनी राय दें। इस राशि के जो लोग वकील है, आज उन्हें किसी पूरौने केस में जीत मिलेगी। साथ ही नया केस भी मिल सकता है।

तुला राशिःआज आपका दिन शानदार रहेगा। अधिक भागदौड़ वाला काम होने के बावजूद भी आप पॉजिटिव रहेंगे। आपके अच्छे व्यवहार के जरिये आपके कुछ नए दोस्त बन सकते है। आज आपके सारे काम समय से पूरे हो जायेंगे। शेयर मार्किट में पैसा लगाने से पहले किसी एक्सपर्ट की राय जरुर लें। महिलाएं आज घर के काम में बिजी रहेंगी। कई दिनों से रुका हुआ कार्य पूरा करने का आज सही समय है।

वृश्चिक राशिःआज आपका दिन आपके लकी रहने वाला है। इस राशि के जो लोग सिंगगिंग में अपना करिअर बनाना चाहते है उनके लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला है। क्रिकेट से जुड़ी महिलाओं के लिए आज का दिन कॉन्फिडेंस से भरा साबित होगा। समाज सेवा करने का अवसर मिलेगा जिससे आपको फेम मिलेगी। बैंकिंग की तैयारी कर रहे युवाओं को और मेहनत करने की जरुरत है। अच्छा परिणाम आएगा।

धनु राशिःआज आपका दिन बेहद खुशहाल रहेगा। आज आप फिजूल में अपना समय ना विताएं। कार्यों को पूरा करने पर ध्यान लगायें। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, आपकी तारीफ भी करेंगे। आज काम अधिक होने के कारण मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है, आपका पेशेंस आपको सफलता दिलाएगा। लवमेट्स के रिश्ते में चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी।

मकर राशिःआज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। कामकाज के मामले में आपकी प्रॉब्लम जल्दी ही सुलझ जायेगी। अगर आप बहुत दिनों से किसी से मिलने की सोच रहे है, तो आज का दिन बेहतर है। परिवार में चल रही अनबन आज सुलझ जाएगी। तालमेल अच्छा बना रहेगा। समाज में आपकी पहचान नए लोगों से होगी जो भविष्य में आपको लाभ देंगे।

कुम्भ राशिःआज आपका दिन मिला जुला रहेगा। पेरेंट्स बच्चों के साथ किसी शोपिंग मॉल में घूमने जायेंगे। छात्रों को नया प्रोजेक्ट मिलेगा जिसको सब साथ मिलकर पूरा करेंगे। नव विवाहित दम्पति अपने परिवार के साथ कही मंदिर घूमने जायेंगे, जिससे उनमे काफी प्रेम बढ़ेगा। आज आप कहीं बाहर घूमने जायेंगे जिससे आपका मन फ्रेश होगा।

मीन राशिः आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, किसी नए प्रोजेक्ट पर काम मिलेगा। आज शाम को आप दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने जायेंगे। इस राशि के जिन लोगों का बर्थडे है वह अपने साथियों के साथ मूवी देखने का प्लान बनायेंगे।

कांग्रेस बैठाती है मैनेजरों को सिर पर!

अजीत द्विवेदी

उत्तर भारत में क्यों कर कांग्रेस डूबी-1: किंवदंती की तरह दिल्ली के राजनीतिक जानकारों में चर्चा रही है कि 2014 में लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी चुनाव जीत गए तो उनके सलाहकार मैनेजर प्रशांत किशोर ने अपना भविष्य जानने के लिए अमित शाह से बात की। उन्होंने उनसे पूछाझ्र मई के बाद क्या होगा? इस पर अमित शाह का टका सा जवाब था- जून होगा! यह बात भाजपा की ओर से प्रचारित हुई होगी। पर इससे जाहिर हुआ कि चुनाव में सर्वेक्षण करने वाले, चुनाव प्रबंधन का काम करने वाले, नारे गढ? और आकर्षक पोस्टर-बैनर-हार्डिंग बनवाने वाले या जनता के दिमाग में क्लिक होने वाले आइडिया देने वाले मैनेजरों और उनकी कंपनियों की राजनीतिक व्यवस्था में क्या जगह है। उन्हें किस हैसियत में रखा जाना चाहिए। निश्चित ही प्रशांत किशोर चुनाव प्रबंधन विधा में भारत के न्यूमेरो उनो हैं। गुरू हैं। लेकिन मोदी-शाह और भाजपा के सेटअप में, उसकी राजनीतिक व्यवस्था में चुनाव का काम खत्म होने के बाद प्रशांत किशोर को दूध में मक्खी की तरह बाहर फेंकने की वास्तविकता बहुत कुछ बताती है। भाजपा ने प्रशांत किशोर को न सिर पर बैठाया और न उनको हटाने के बाद मोदी-शाह का चुनावों में जीतना घटा।

इसके उलट कांग्रेस प्रशांत किशोर की लीक पर बने चुनावी मैनेजरों को ठेके देती है, उन्हें सिर पर बैठाती है और उन पर निर्भर हो कर एक के बाद एक चुनाव हार रही है। हाल में प्रशांत किशोर के सहयोगी रहे सुनील कनुगोलू ने कर्नाटक में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रबंधन किया। और कर्नाटक में पार्टी जीती तो सुनील कनुगोलू न केवल कर्नाटक के मुख्यमंत्री के सलाहकार हो गए है, बल्कि वे कैबिनेट मंत्री का दर्जा ले कर कांग्रेस मुख्यालय में भी सुपर बॉस जैसी हैसियत में हैं। वे कर्नाटक में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री से नीचे किसी से बात नहीं करते हैं। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में उन्होंने मध्य प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस के लिए सर्वेक्षण और चुनाव प्रबंधन का काम किया। मध्य प्रदेश में उन्होंने संभावित उम्मीदवारों की जीत-हार के बारे में आकलन किया। उनकी रिपोर्ट से कमलनाथ-दिग्विजय सिंह अपनी तैयारियों, अपनी उम्मीदवार सूची को लेकर भ्रमित हुए। कमलनाथ जब सर्वे करने वाली अपनी टीमों की फीडबैक पर अड़े तो कलह हुई। तभी नैरेटिव बना कि कमलनाथ अहंकारी हैं और वे किसी की नहीं सुन रहे। दिग्विजय सिंह भी उनके आगे लाचार हैं।

जाहिर है मध्य प्रदेश में एक तरफ कमलनाथ ने सर्वे करने और चुनाव प्रबंधन करने वाली एजेंसियों को सिर पर बैठा रखा था तो दूसरी ओर कांग्रेस आलाकमान ने कमलनाथ के सिर पर सुनील कनुगोलू को बैठाना चाहा। कमलनाथ अहंकार से भरे हुए तो चुनाव मैनेजर भी अहंकार में।

ऐसा ही राजस्थान में था। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दशकों के अपने चुनावी अनुभवों, राजनीतिक विवेक को ताक में रख कर एक ऐसे मैनेजर से चुनाव प्रबंधन कराया, जिसको लेकर एआईसीसी, राहुल गांधी, सुनील कनुगोलू सब पहले से बिदके हुए थे। मगर गहलोत ने अपने पीए शशिकांत और एआईसीसी में पवन खेडा, प्रभारी सुखजिंदर रंधावा आदि की लॉबिंग से नरेश अरोड़ा की डिजाइन बॉक्स्ड को अपनी राजनीति सुपुर्द की। जबरदस्ती प्रदेश कांग्रेस कमेटी से उसका चुनाव ठेका करवाया। गहलोत के लिए काम शुरू करने से पहले अरोड़ा को लेकर हवा बनाई गई कि वहीं कर्नाटक में कांग्रेस की जीत का सूत्रधार हैं। एक तरफ कर्नाटक की जीत का श्रेय सुनील कनुगोलू ले रहे थे तो दूसरी ओर गहलोत के कान में नरेश अरोड़ा की महानता का बखान। ताकि उनका भाव बड़ा बने। मुख्यधारा के मीडिया में खबरें छपने लगीं कि राजस्थान के जादूगर अशोक गहलोत नहीं, बल्कि नरेश अरोड़ा हैं और वे राजस्थान का रिवाज बदलेंगे! 'इंडियन एक्सप्रेसझ्र जैसे अखबारों ने भी विज्ञापन के बदले नरेश अरोड़ा पर खबरें छापीं कि वे मास्टर रणनीतिज्ञ हैं और उनसे कांग्रेस का माहौल बदला है। सोचें, भाजपा के लिए सर्वे और प्रबंधन का काम करने वाली आधा दर्जन एजेंसियों में से किसी को लेकर क्या यह लिखा या कहा जा सकता है कि जादूगर नरेंद्र मोदी, अमित शाह नहीं, बल्कि सर्वे करने वाली एजेंसी का मालिक है? क्या प्रशांत किशोर से लेकर कनुगोलू, नरेश अरोड़ा जैसे किसी भी मैनेजर की यह औकात, यह हिम्मत हो सकती है जो कहे कि उनके कारण मोदी, शाह या भाजपा जीतती है? बहरहाल, चुनाव से ठीक पहले राजस्थान में पार्टी लाचार व ठप्प अवस्था में रही। नरेश अरोड़ा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बीच झगड़ा होने की चर्चा थी।

मुद्दा | **मनोज कुमार अग्रवाल**

महिलाओं के लिए अभी महफूज नहीं है राजधानी दिल्ली !

क्या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली अभी भी महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर है? क्या तमाम प्रयासों के बाद भी उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ होने वाली अपराधिक वारदातों में कोई कमी नहीं आई है? राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की 2022 की रिपोर्ट सरकारी दावों की हकीकत बयान करती है। इस रिपोर्ट पर गौर करने पर पता चलता है कि राजधानी दिल्ली महिलाओं के लिए आज भी सबसे असुरक्षित शहर है यहां 2022 में एक दिन में 3 रेप हुए हर घंटे 51 रिपोर्ट दर्ज की गई। हालांकि महानगरों में अपराध दर दस फीसदी तक कम हुयी है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने 2022 की रिपोर्ट रविवार 3 दिसंबर को जारी कर दी है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि दिल्ली महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर है। यहां 2022 में एक दिन में 3 रेप केस दर्ज किए गए।एनसीआरबी की 546 पेज की रिपोर्ट में बताया कि देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4 लाख 45 हजार 256 केस दर्ज किए गए, यानी हर घंटे लगभग 51 ऋक्षफ्रहुईं। 2021 में यह आंकड़ा 4 लाख 28 हजार 278 था।रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 की तुलना में महिला अपराधों में 4% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं 2022 में 28 हजार 522 मर्डर केस दर्ज हुए यानी हर दिन 78 हत्याएं हुईं। जब देश में 4 राज्यों के चुनाव परिणाम चर्चा में थे, उस दिन रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि देश में बच्चों, अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और साइबर क्राइम बहुत ज्यादा बढ़े हैं।

आपको बता दें कि हाल ही में एनसीआरबी रिपोर्ट में सामने आया है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर (प्रति 1 लाख जनसंख्या पर घटनाओं की संख्या) 2021 में 64.5% से बढ़कर 2022 में 66% हो गई है। इसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48 हजार 755 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 (43 हजार 414 केस) की तुलना में 12.3 % ज्यादा हैं।

2022 में महिला अपराध में 65 हजार 743 मामलों के साथ उत्तर प्रदेश टॉप पर है। इसके बाद महाराष्ट्र (45331 केस) और राजस्थान (45058 केस) पश्चिम बंगाल (34738 केस) और मध्य प्रदेश (32765 केस) का नंबर हैं।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के तथ्यों के अनुसार भारतीय दंड संहिता और विशेष और स्थानीय कानून के तहत रजिस्टर्ड क्राइम में कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रति लाख जनसंख्या पर रजिस्टर क्राइम रेट 2021 में 445.9 से घटकर 2022 में 422.2 हो गए हैं।2022 में 58 लाख 24 हजार 946 अपराध दर्ज किए गए, जिनमें 35 लाख 61 हजार 379 भारतीय दंड संहिता और 22 लाख 63 हजार 567 विशेष और स्थानीय कानून अपराध शामिल हैं।2021 में यह आंकड़ा 60,96,310 रजिस्टर्ड केस का था। इसमें 2 लाख 71 हजार 364 यानी 4.5% की आई है।

रिपोर्ट में सामने आया है कि 2022 में 18 साल से कम उम्र के 10 हजार 295 बच्चों ने सुसाइड किया। इनमें लड़कों की संख्या 4616 थी, जबकि लड़कियों की संख्या 5588 थी। 2 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने परीक्षाओं में फेल होने के कारण सुसाइड किया।

यहां यह भी गौरतलब है कि महानगरों में पिछले साल से 10.4% क्राइम कम हुआ है 19 महानगरों में 2021 (952273 केस टोटल) के मुकाबले क्राइम रेट 10.4% घटा है। 2022 में यह आंकड़ा 8 लाख 53 हजार 470 रहा है। इन शहरों में अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, गाजियाबाद, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, कोझिकोड, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पटना, पुणे और सूरत शामिल हैं। हालांकि यह एक बेहतर संकेत है लेकिन इतना भर पर संतोष करना स्वयं को धोखा देने जैसा है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ अपराध के रजिस्टर मामलों की संख्या 2021 में 428,278 की तुलना में 2022 में 4 प्रतिशत बढ़कर 445,256 हो गई। 20 लाख से ज्यादा आबादी वाले मेट्रो शहरों में, 2022 में ऐसे अपराधों की वृद्धि 12.3 प्रतिशत बढ़कर 48,755 हो गई।

राज्यों के बात करें, तो उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध दर्ज किए गए। पिछले साल यूपी में ऐसे मामलों की संख्या 56,083 थी। ह्लभारत में अपराध 2022ह्व रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में, यूपी में 49,385 ऐसे मामले दर्ज किए गए थे।2022 में, यूपी के बाद महाराष्ट्र (45,331 मामले) और राजस्थान (45,058 मामले) थे। आंकड़ों से पता चला कि भारत के ज्यादातर राज्यों में महिलाओं के खिलाफ मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है।

केंद्र शासित प्रदेशों में, दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध दर्ज किए गए। भले ही यह 2021 में दर्ज मामलों से कम था, लेकिन यह संख्या 2020 में दिल्ली में दर्ज 10,093 मामलों से काफी ज्यादा थी।महानगरीय शहरों में, महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध दिल्ली शहर में 14,158 दर्ज किए गए। इसके बाद मुंबई में 6,176 मामले और बेंगलुरु में 3,924 मामले थे।

दिलचस्प बात यह है कि महिलाओं के खिलाफ कुल अपराध की दर झ्र प्रति 100,000 महिलाओं पर ऐसे मामले जयपुर में सभी मेट्रो शहरों में सबसे ज्यादा थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में शहर में प्रति 100,000 महिलाओं पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के 239.3 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद दिल्ली में 186.9 और इंदौर में 174.3 मामले दर्ज किए गए।राज्यों में, महिलाओं के खिलाफ अपराध की सबसे ज्यादा दर हरियाणा (118.7) में दर्ज की गई, इसके बाद तेलंगाना (117) और राजस्थान (115.1) का स्थान है।कुल मिलाकर, 2022 में अपराध दर 66.4 थी, जबकि 2021 में यह 64.5 थी।

भारतीय दंड संहिता के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराध के ज्यादातर मामले ह्लपति या उसके घरवालों द्वारा क्रूरताह्व (31.4 प्रतिशत) कैटेगरी के तहत दर्ज किए गए थे। इसके बाद ह्लमहिलाओं की किडनैपिंगह्व (19.2 प्रतिशत), ह्लमहिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमलाह्व (18.7 प्रतिशत), और ह्लबलात्कारह्व (7.1 प्रतिशत) का नंबर आया।

यह एक चिंता जनक पहलू है कि मोदी सरकार की महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा के तमाम प्रयास व दावों के बाद भी हकीकत में बड़ा बदलाव नहीं आ सका है। हालांकि यह तर्क भी मायने रखता है कि अब तमाम मामले दर्ज किए जा रहे हैं पहले की तरह रिकार्ड सही दिखाने के लिए मामलों को दर्ज नहीं करने की ट्रेन्ड टूट रही है। तथापि इस दिशा में अभी बहुत काम करने की जरूरत है साथ ही जरूरत इस बात की है कि सरकारी प्रयासों को घनीभूत कर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के ग्राफ को कम करने के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने का सपना पूरा हो सके।

एक नजर

मतगणना में कर्मियों सहित अधिकारियों के बेहतर काम करने की कलेक्टर ने की सराहना

जगदलपुर 6 दिसम्बर । कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने विधानसभा निर्वाचन के दौरान सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बेहतर ढंग से मिले दायित्व निर्वहन की बधाई देते हुए कहा कि निर्वाचन सम्बन्धी जो जिम्मेदारी दी गई उसे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने पूरी तन्मयता से किया। मतगणना कार्य में संलग्न महिला कर्मियों द्वारा बेहतर तरीके से किया गया, इसके लिए उन सभी महिलाओं को विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में अधिकांश समय निर्वाचन कार्य में जाएगा इसे मद्देनजर रखते हुए वर्किंग सीजन में विभागों के सभी दायित्वों का निर्वहन करें। कलेक्टर श्री विजय मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।कलेक्टर ने धान उपार्जन की स्थिति, धान उठाव के लिए डीओ काटने की स्थिति, मिलर्स का पंजीयन इत्यादि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के आधार पर धान का उठाव करवाना सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, पटवारियों एवं मॉनिटरिंग ग्रुप के नोडल अधिकारी उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती इलाकों में विशेष निगरानी करने की आवश्यकता बताई। साथ ही अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने अनुभाग के प्रत्येक समिति का प्रतिदिन की डाटा का जांच करते हुए बारदाना की उपलब्धता, धान खरीदी में 70-30 प्रतिशत के आधार पर लघु, सीमांत और बड़े किसानों का टोकन काटने व उपार्जन करने की स्थिति का जांच करें।

सर्वे में शिक्षा,स्वास्थ्य,स्वच्छता,रोजगार एवं पलायन की ली जानकारी

महासमुंद। शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय के बीएड छात्राध्यापकों द्वारा 2 दिवसीय सामुदायिक सर्वे ग्राम जीवतरा में किया गया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर के निर्देशन में महाविद्यालय किए गए इस सर्वे के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्राध्यपकों द्वारा ग्राम जीवतरा के शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार एवं पलायन संबंधी जानकारी ली गई। सामुदायिक सर्वे के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्राध्यापकों द्वारा ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए रैली निकाली गई। साथ ही नुकक्ड़ नाटक के माध्यम से अनेक संदेश दिए गए। नुकक्ड़ नाटक में शिक्षा संबंधी जागरुकता, नशा मुक्ति संबंधी जागरुकता, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता, भोजन की बर्बादी को रोकने संबंधी जागरुकता का संदेश देते हुए महाविद्यालय के बीएड छात्राध्यपकों द्वारा नुकक्ड़ नाटक किया गया। जिसे ग्रामीणों ने खूब सराहा।दो दिवसीय इस सामुदायिक सर्वे के सफल आयोजन में जीवतरा ग्राम के सेवानिवृत्त शिक्षक पंकुराम साहू, शंकर लाल चंद्राकर, चैतराम साहू, शेखर निषाद एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। दो दिवसीय इस सामुदायिक सर्वे को सफल बनाने में महाविद्यालय स्टाफ नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेन्द्र चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, किशोर कठार, दिव्या चंद्राकर, लुकेश साहू, गायत्री चंद्राकर, हीना चंद्राकर, गीतांजलि देवांगन, सोनाली यादव, यमन सिन्हा, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एव बीएड के समस्त छात्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हीना चंद्राकर एवं घनश्याम साहू ने दी है।

नौसेना दिवस पर भूतपूर्व सैनिक को किया गया सम्मानित

कांकेर,6 दिसम्बर । नौसेना दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन संजय शुक्ला एन.एम. (से.नि.) द्वारा लट्ठीपारा कांकेर निवासी 81 वर्षीय भूतपूर्व सैनिक सिग्नलमैन श्री सरजू प्रसाद शर्मा को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार भूतपूर्व सैनिक सिग्नलमैन श्री शर्मा भारतीय नौसेना में 31 जनवरी 1958 को भर्ती हुए थे।

तूफान मिंचौग के असर से हुई बारिश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 6 दिसंबर। बीजापुर में भी मंगलवार दोपहर से मिंचौग तूफान का असर देखने को मिल रहा है।जिले में तूफान के असर से बारिश जारी है। जिले के किसान बारिश के कारण धान खरीदी केंद्र तक नहीं पहुंच पा रहे है। अभी तक दर्जनों धान खरीदी केंद्र में खरीदी शुरू नही हुई। जिले के धान उपार्जन केन्द्र बासागुड़ा, गंगालूर, नैमेड, धनोरा, कुटरू, भैरमगढ़ तथा बीजापुर में सोमवार तक 25 38.00क्विं धान की खरीदी हुई है। जिला विपणन अधिकारी नागवंशी ने बताया कि धान खरीदी केंद्र में पर्याप्त तिरपाल की व्यवस्था है। अभी आधा दर्जन केंद्र में धान की खरीदी शुरू हुई है। जिले में किसान अभी धान की कटाई कर रहे है। इसके अलावा किसानों ने धान के रेट को लेकर नृये निर्देश का इंतजार में है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक भीलेंद्र पालेकर ने बताया कि तूफान मिंचौग का असर बस्तर में तीन दिन तक रहेगा । 6-7 दिसंबर को भी बारिश हो सकती है। कृषि वैज्ञानिक ने यह भी कहा कि धान के कटाई जहां हुई है, उन किसानों को नुकसान होगा। खडी फसल पर असर नही पड़ेगा। बीजापुर में 4 मिमी बारिश होने की जानकारी दी है।

महादेव एप मामले में पकड़ाए असीम के पिता ने की खुदकुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई,6 दिसंबर। महादेव बुक सट्टा एप के हवाला के रुपयों के साथ पकड़े गए हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी असीम दास उर्फ बप्पा के पिता सुशील दास (65) ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना का कारण तो स्पष्ट नहीं है, लेकिन बताया जा रहा है कि बेटे की गिरफ्तारी के बाद से वो थोड़ा परेशान रहने लगा था अंडा पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि हाउसिंग बोर्ड वार्ड 16 निवासी असीम दास को बीते दो नवंबर को ईडी ने रायपुर के एक होटल के बेसमेंट से करोड़ों रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया था। उसकी गिरफ्तारी के बाद ईडी की टीम ने उसके हाउसिंग बोर्ड स्थित घर पर भी दबिश दी थी और वहां से भी करोड़ों रुपये जब्त किए थे असीम दास का पिता सुशील दास करीब पांच साल से अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम अछोटी में रूपेश गौतम की बाड़ी में चौकीदारी का काम करता था। वो बाड़ी में बने कमरे में ही रहता था। वो सोमवार की रात को करीब 11:30 बजे घर से निकला था और बाड़ी में स्थित कुएं में कूद गया। मंगलवार को वो अपने कमरे में नहीं मिला तो उसकी तलाश शुरू की गई कुएं में झांककर देखा गया तो उसका शव पानी पर उतराती

नजर आई इसके बाद अंडा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर

निकलवाया मृतक सुशील दास के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं हैं प्रारंभिक जांच इतना पता चला है कि वो शराब पीने का आदी था और अपने बेटे असीम दास उर्फ बप्पा की गिरफ्तारी के बाद से परेशान रहने लगा था। उसके साथ में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों से पूछताछ के बाद ही घटना का स्पष्ट कारण पता चल सकेगा अंडा टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि मृतक दास करीब पांच साल से अछोटी में ही रहता था उसके साथ उसके परिवार का कोई भी सदस्य नहीं रहता था अभी तक घटना का कारण पता नहीं चल सका है मामले की जांच की जा रही है।

रामनाथपुरम आयुर्वेद एवं पंचकर्म केंद्र उमरपोटी में स्वर्ण प्राशन संस्कार आयोजित

उमरपोटी, भिलाई- उमरपोटी स्थित रामनाथपुरम आयुर्वेद एवं पंचकर्म केंद्र में 2 दिसम्बर शनिवार को पुष्य नक्षत्र में स्वर्ण प्राशन शिविर का आयोजन किया गया द्य जनपद पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष श्रीमती झमीत गायकवाड़ के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच श्री टीकेंद्र ठाकुर तथा सहकारी सोसाइटी उतई के अध्यक्ष श्री दिवाकर गायकवाड़, उपसरपंच श्री महेश कौशिक के मार्गदर्शन शिविर में वन मंडलाधिकारी श्रीमती पुष्पलता टंडन, गुरु घासीदास सेवा समिति भिलाई के पूर्व अध्यक्ष श्री गैंदलाल राय, संस्थान के चेयरमैन श्री एस पी बारले के गरिमामय आतिथ्य में चिकित्सक डॉ सत्य संस्कार बारले, डॉ मनीष ठाकुर, डॉ आलोक शर्मा, डॉ लेमीका साहू, डॉ अभिषेक साहु, डॉ प्रगति वर्मा, डॉ मोनिका जांगडे एवं डॉ सोमेश कुशवाहा के द्वारा स्वर्ण प्राशन किया गया द्य ग्राम उमरपोटी के शून्य से सोलह वर्ष तक के लगभग 60 बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार कराया द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती गायकवाड़ ने बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराते हुए कहा कि यह एक अनूठा शिविर है इसका आयोजन पुष्य नक्षत्र के दिन किया जाता है द्य यह संस्कार बच्चों के रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है द्य बच्चों के स्वास्थ्य वर्धन के लिए रामनाथपुरम आयुर्वेद एवं पंचकर्म केंद्र उमरपोटी के द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय है द्य उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को उत्तम स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी द्य भविष्य में इस तरह का आयोजन ग्राम में कराने की बात कही । चिकित्सकों ने बताया कि स्वर्ण प्राशन में बच्चों का शुद्ध स्वर्ण भस्म, को आयुर्वेद औषधियों को विधिपूर्वक गाय का घी और शहद का मिश्रण कर बनाया जाता है द्य इससे बच्चे के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ साथ पाचन क्रिया को ठीक कर एलर्जी के कारण होने वाली सर्दी खांसी, आदि में लाभ पहुंचाता है ।शिविर के सफल आयोजन में सत्यनारायण राय, चंद्रकांत राय, संजय बारले, विकास कुमार, समीर कुमार, कमल गायकवाड़, यशोदा, गीतेस्वरी, फूलेशवरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती योगेशवरी जांगडे, श्रीमती महेशवरी सोनवानी, श्रीमती चम्पा चेलक, श्रीमती अनीता गायकवाड़ एवं सहायिका नीलम साहु, सुशीला, रेखा कुरै, अंबिका बंजारे, श्रीमती रीनु देशलहरा का सहयोग सराहनीय रहा।

जिला जनसंपर्क अधिकारी ने मीडिया से मिले सहयोग के लिए जताई कृतज्ञता

मोहला 6 दिसंबर । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत पूरे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों से मिले सहयोग के लिए जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री हेमलाल प्रभाकर ने कृतज्ञता ज्ञापित किया है। उन्होंने मीडिया के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए आभार संदेश में उल्लेख किया है कि प्रिय पत्रकार साथियों हमें यह कहते हुए प्रसन्नता महसूस हो रही है कि आप लोगों ने जिला निर्वाचन आयोग से संबंधित खबरें हो या जिला प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय, लोकतंत्र के सबसे बड़ा पर्व, मतदान का अवसर हो या मतगणना का परिणाम या जिले की सामाजिक मानवीय खबरें हो।

जगदलपुर। चित्रकोट विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक विनायक दल की बधाई देने लगा ताता।

कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया मृदा दिवस

बीजापुर 6 दिसंबर। विश्व मृदा दिवस कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर में आयोजित की गई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम में किसान और महिला समूह और स्व्रब्ह की समूह ने बढ़कर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के के वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । इस कार्यक्रम में जिले के कृषि विभाग, उद्यान विभाग और रेशम विभाग ने भी सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर मृदा दिवस का कार्यक्रम एवं चलित प्रस्तुति कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मृदा स्वास्थ्य और मृदा उर्वरकों में रसायनों का दुष्प्रभाव पर विभिन्न विभागों के अतिथियों एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री अरुण सकनी ने मृदा की महत्व और पोषक मूल्य पर प्रकाश डालते हुए इसके स्वास्थ्य - संवर्धन और प्रबंधन करने पर जोर दिया । तो वहीं कृषि विभाग के ष्ठ्ठ श्री प्रताप कुसरे ने मृदा परीक्षण के अनुरूप बेहतर प्रबंधन करते हुए रासायनिक वर्गों के संतुलित प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि बीजापुर जिला में अभी रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग अभी संतुलित है, अतः इसे बेहतर ढंग से प्रबंधित करने की जरूरत है। उद्यानिकी विभाग से श्री रमेश मरकाम ने उद्यान की फसलों में रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रबंधन करने के साथ जैविक उर्वरक के प्रयोग पर बल दिया । साथ ही एफपीओ समूह के अधिकारी श्री रजिया बेगम ने फसलों की बेहतर आमदनी एवं बाजार पर उत्पादन हेतु लोगों को एफपीओ से जुड़कर फसल उत्पादन करने पर जोर दिया।सहकारिता अधिकारी श्री सूरज सिंह ने किसानों के लिए रीढ़ उपलब्धता के स्रोत के संबंध में जानकारी दी और किसानों को इससे बढ़कर लाभ उठाने को प्रेरित किया।जिले के प्रगतिशील कृषक श्री एम्नूइस तिर्की ने किसानों को अपने खेत में रासायनिक उर्वरक खाद के संतुलित उपयोग और मृदा परीक्षण आधारित फसल खाद्य पद्धति को अपनाने हेतु प्रेरित किया।इस कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक श्री बीके ठाकुर, डॉ. कन्हैया लाल पटेल श्री भीरेंद्र पालेकर, श्री अरविंद आयाम, डॉ. दिनेश मरापी आदि ने योगदान दिया। साथ ही श्री भुवनेश्वर लिंगम, राजेंद्र ध्रुव और दुर्गेश नाविक एवं तेजस कुमार ने भरपूर सहयोग दिया।

सिविल हॉस्पिटल में चारों तरफ लगा के गंदगी का अंबार

पत्थलगांव,6 दिसंबर। कोरोना के बाद चीन से एक और घातक बिमारी के फैलने का अंदेशा होने पर राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी चिकित्सालयो को अलर्ट मोड पर किया था,परंतु पत्थलगांव का सिविल हॉस्पिटल राज्य शासन की चेतावनी से कोसो दूर है,यहा के परिसर मे जगह-जगह फैली गंदगी बिमारी से लड़ना तो दूर स्वयं गंभीर बिमारीयों को न्यौता देने का काम कर रही है। हॉस्पिटल प्रबंधक का ओ.पी.डी मे जरा भी ध्यान नही रहने के कारण इन दिनो सिविल हॉस्पिटल गंदगी के अंबार से अट रखा है,चारो तरफ यहा बदबू एवं जगह-जगह पान गुटखे की पिक आसानी से देखी जा सकती है,यहा के शौचालयों से बेहद घातक बदबू पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले रखी है। मजे की बात यह है कि वार्ड से लेकर प्राईवेट कक्ष तक इस गंदगी से अछुता नही बचा है,मरीजो को यहा ले जाने वाले परिजन नाक के सामने कपडा रखकर हॉस्पिटल परिसर मे घुस रहे है। मरीज यहा पहुंचकर गंदी सडांध से और अधिक विचलित हो रहे है,हजारो रूपये ओ.पी.डी साफ सफाई के नाम पर खर्च होने के बाद भी यहा सफाई का नामो निशान नही है। हॉस्पिटल की सीढियां चढते ही यहा दोनो ओर पान गुटखा की पिक के छिटे मरीजो को विचलित करने लग जाते है। पिछले दिनो ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सभी राज्यो को एवं राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग को सचेत करते हुये दूसरे देशो से फैलने वाली गंभीर बिमारी के प्रति अपनी तैयारियां पूरी रखने की हिदायत दी गयी थी,परंतु पत्थलगांव के सिविल हॉस्पिटल का नजरीया कुछ और ही है। यहा आवश्यक सुविधाओ के अलावा मरीजो को हॉस्पिटल परिसर के अंदर फैली गंदगी से खुद को बचाने के उपाय करने पड रहे है,बदबुदार शौचालयो से मरीजो को बच कर चलना पड रहा है। परिजन भी अच्छे खासे परेशान है,उसके विपरीत हॉस्पिटल प्रबंधक की ओर से गंदगी दूर करने के कोई उपाय नही किये जा रहे,बल्कि यहा बैठे कर्मचारी सफाई के नाम पर फर्जी बिल लगाकर अपना उल्लू सीधा कर रहे है।।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कार्यालय स्थानांतरित

महासमुंद। जिला व्यापार एवं उद्योग कार्यालय तहसील परिसर मेन रोड से बीटीआई रोड स्थित इंदिरा गांधी महिला जिम के सामने जेछे सीमेंट के बाजू गली में स्थानांतरित हो गया है।

नवीन आधार कार्ड बनाने शिविर 19 जनवरी तक

भिलाई, 6 दिसंबर। भिलाई निगम क्षेत्र में नवीन आधार कार्ड बनाने, अपग्रेड एवं सुधार हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 6 दिसंबर से लेकर 19 जनवरी तक चलने वाले शिविर भिलाई निगम के सभी 5 जोन में एक साथ लगाया जाएगा। आम नागरिकों को उनके वार्ड अथवा मोहल्ले में ही आधार कार्ड बनाने एवं सुधार की सुविधा मिल सके इस उद्देश्य को लेकर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आदेश जारी किये है। इन स्थानों पर लगेगा आधार शिविर वार्ड 01 जुनवानी में 6 एवं 7 दिसम्बर को जुनवानी चौक दुर्गा मंच व बाजार चौक सामुदायिक भवन, वार्ड 14 शांति नगर में दशहरा मैदान गणेश मंच पार्षद कार्यालय के पास, वार्ड 30 प्रगति नगर में स्वास्थ्य कार्यालय पानी टंकी व प्रगति नगर केम्प 01, वार्ड 38 सोनिया गांधी नगर में शिवालय के पीछे सामुदायिक भवन, वार्ड 57 सेक्टर 4 पूर्व में पार्षद निवास कार्यालय सेक्टर 04, वार्ड 02 स्मृति नगर में 8 एवं 11 दिसम्बर को राधाकृष्णा मंदिर त्रिवेणी नगर, वार्ड 15 अम्बेडकर नगर में अम्बेडकर नगर पार्षद कार्यालय व शांति नगर सियान सदन, वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर में कर्मा भवन पार्षद कार्यालय के समीप व मयूर गार्डन, वार्ड 39 चन्द्रशेखर आजाद नगर मे खेल मैदान सामुदायिक भवन के पीछे, वार्ड 58 सेक्टर 4 पश्चिम में सड़क 27-28 मंच के पास व सड़क 29-30 पोस्ट आफिस के पास, वार्ड 03 मॉडल टाउन में 12 एवं 13 दिसम्बर को मंचमुखी गार्डन सांस्कृतिक गार्डन, वार्ड 16 सुपेला बाजार में सामुदायिक भवन शंकर पारा सुपेला व सामुदायिक भवन दुबे पशु आहार, वार्ड 32 बैकुण्ठधाम सुन्दर नगर में युगनिर्माण स्कूल के पास पार्षद कार्यालय, वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी में मंगल बाजार के पास व राधाकृष्णा मंदिर के पास, वार्ड 59 सेक्टर 05 पूर्व में डोम शेड सड़क 12-13, वार्ड 04 नेहरू नगर में 14 एवं 15 दिसम्बर को नेहरू नगर सियान सदन, वार्ड 19 राजीव नगर में राम जानकी मंदिर व हनुमान मंदिर शकुन्तला विद्यालय रामनगर, वार्ड 33 संतोषी पारा केम्प 02 में गौरव पथ नाले के पास व काली मंदिर विवेकानंद के पास, वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी में राजीव नगर सामुदायिक भवन व क्रांति चौक के पास आंगनबाड़ी, वार्ड 60 सेक्टर 05 पश्चिम में डोम शेड संत विजय आडिटोरियम, वार्ड 05 कोसानगर में 19 एवं 20 दिसम्बर को राधाकृष्णा मंदिर व सामुदायिक भवन उपस्वास्थ्य केन्द्र के पास, वार्ड 20 वैशाली नगर में वैशाली नगर पार्षद कार्यालय, वार्ड 34 वीर शिवाजी वार्ड में पार्षद कार्यालय मिलन चौक, वार्ड 42 गौतम नगर में गली नं. 5 शिव मंदिर व बड़ा मंचशील स्कूल, वार्ड 61 सेक्टर 6 पूर्व में नगर निगम जोन कार्यालय जोन 5, वार्ड 06 प्रियदर्शिनी परिसर में 21 एवं 22 दिसम्बर को शीतला मंदिर संजय नगर व बलीराम किराना स्टोर्स व्यकेटेश्वर टाकिज के पास सामुदायिक भवन, वार्ड 21 कैलाश नगर में कैलाश नगर सियान सदन, वार्ड 35 शारदा पारा में पार्षद कार्यालय जनता स्कूल के पास, वार्ड 43 बापू नगर में राजीव नगर दुर्गा पंडाल व राजीव नगर शिव मंदिर, वार्ड 62 सेक्टर 6 मध्य में कालीबाड़ी सेक्टर 6, वार्ड 07 राधिका नगर में 26 एवं 27 दिसम्बर को सियान सदन राधिका नगर, वार्ड 22 कुरूद में बाजार चौक सामुदायिक भवन, वार्ड 36 श्याम नगर में सूर्या नगर सतनाम भवन व अहमद नगर आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर में गणेश मंच उड़िया बस्ती व जलाराम मंदिर लक्ष्मी नारायण नगर, वार्ड 63 सेक्टर 6 में सड़क 70 पार्षद निवास के पास, वार्ड 08 कृष्णा नगर में 28 एवं 29 दिसम्बर को राधाकृष्ण मंदिर व बजरंग चैंक वार्ड कार्यालय, वार्ड 23 घांसीदास नगर में दुर्गा मंच, वार्ड 37 संत रविदास नगर में पार्षद कार्यालय, वार्ड 45 बालाजी नगर में सामुदायिक भवन सांई मंदिर परिसर, वार्ड 64 सिविक सेंटर सेक्टर 10 में सड़क 12 व 13, वार्ड 09 राजीव नगर सुपेला में 2 एवं 3 जनवरी को राजीव नगर सांस्कृतिक मंच पारस नाथ कापरेटिव के पास, वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड में सियान सदन के सामने, वार्ड 52 सेक्टर 03 में दुर्गा पूजा मंच व अखाड़ा मैदान, वार्ड 46 दुर्गा मंदिर में सामुदायिक भवन, वार्ड 65 सेक्टर 10 में पार्षद निवास कार्यालय सेक्टर 10 में शिविर लगाये जायेंगे।

उमदा के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में मिला नवजात का शव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 6 दिसंबर। भिलाई-3 तीन थाना क्षेत्र नजदीक उमदा के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक नवजात बालक शिशु लावारिस हालत में मिलने से सनसनी फैल गई। शिशु के रोने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे सेन परिवार ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद भिलाई-3 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर शिशु को कब्जे में लिया। फिलहाल शिशु को जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है आज उमदा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के दुर्गा मंच पर किसी ने नवजात बालक शिशु को लावारिस हालत में छोड़ दिया। शिशु के साथ गर्भनाल जुड़ा हुआ था, जिससे ऐसा लग रहा कि जन्म के तुरंत बाद ही उसे दुर्गा मंच पर लाकर छोड़ दिया गया है सुबह 4.50 बजे के आसपास दुर्गा मंच के पास रहने वाले नरेश सेन की बेटी आरुषि बाथरूम के लिए गई तभी उसे बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी आरुषि ने जिज्ञासा में दुर्गा मंच की ओर जाकर देखा तो नवजात शिशु रो रहा था। इस बात की जानकारी आरुषि ने अपने माता-पिता को दी। आरुषि के पिता नरेश सेन ने डायल 112 को कॉल कर जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया। फिर 108 संजीवनी वाहन वहां पहुंची नवजात बालक शिशु को सुपेला के शास्त्री अस्पताल रवाना किया गया। यहां से उसे जिला अस्पताल दुर्ग भेजा गया। जहां आईसीयू में शिशु को भर्ती किया गया है। मामले में भिलाई-3 टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि नवजात बालक शिशु को जन्म देने वाली माता का पता लगाया जा रहा है। इसके लिए उमदा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और इसके आसपास रहने वालों से पूछताछ की जा रही है उमदा नाला के पास मिला था पांच माह का भ्रूण

आज जिस जगह पर नवजात बालक शिशु लावारिस हालत में मिला, उसके कुछ दूरी पर ही पीएम आवास कॉलोनी के पीछे उमदा नाला में बीते 30 अक्टूबर को लगभग 5 महीने का भ्रूण मिला था। उस मामले में थाना भिलाई-3 पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। 30 अक्टूबर को पीएम आवास उमदा निवासी दुर्गा सेन पति राजेश सेन (35 वर्ष) ने पुलिस को भ्रूण के संबंध में सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए शासकीय अस्पताल सुपेला भेज दिया। रिपोर्ट में डॉक्टर ने नवजात व अविकसित शिशु के भ्रूण की उम्र 3 से 5 माह बताई थी

एक नजर

युवाओं से वादाखिलाफी कांग्रेस को पड़ा भारी:संतोष वर्मा

महासमुंद। छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की जीत पर पूर्व महामंत्री व भाजपा जिला

कार्यकारिणी सदस्य संतोष वर्मा ने इसे सेवा, सुशासन व गांव, गरीब, किसान, युवा वर्ग के हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रतिफल बताया है। वर्मा ने कहा कि पूरे देश की जनता को प्रधानमंत्री पर भरोसा है। मोदी की गारंटी पर छग के महिलाओं ने भरोसा किया। छत्तीसगढ़ में भारी बहुमत 54 सीटें भाजपा को मिली है

यह प्रधानमंत्री के देश हित में किए जा रहे कार्यों पर जनता के विश्वास का मुहर है। वर्मा ने कहा कि पिछले 5 साल तक छत्तीसगढ़ महतारी भ्रष्टचारियों तथा तुष्टिकरण की नीति अपनाने वालों से परेशान थीं। भूपेश सरकार के वादा खिलाफी से मातारं, बहनें, किसान, युवा, मजदूर हर वर्ग में आक्रोश पनप रहा था। कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के नाम पर छला। जिसका खामियाजा उसे विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ा। वर्मा ने कहा कि वर्ष 2018 में कांग्रेस ने प्रदेश के बेरोजगारों से वादा किया था कि कांग्रेस की सरकार आते ही छग के प्रत्येक बेरोजगार युवाओं को पूरे 5 साल तक बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। लेकिन, चुनावी साल में महज 2-3 माह गिनती के युवाओं को भत्ता दिया। 90 प्रतिशत युवाओं को कांग्रेस ने धड़यंत्र पूर्वक बेरोजगारी भत्ता से वंचित रखा। कांग्रेस की युवा विरोधी नीतियों का जवाब छग के युवाओं ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार प्रदेश को करोड़ों अरबों रुपए का बजट देती रही। लेकिन, प्रदेश की सरकार विकास करवाने में पूरी तरह से विफल रही है। छग महतारी को कर्ज के बोझ तले दबाने वालों को छग की जनता ने सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लेकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई।

पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन 11 दिसंबर तक

रायगढ़, 6 दिसम्बर। जिले में पुरूष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.एन.मंडावी के निर्देशन में 11 दिसंबर तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। गांव-गांव में स्वास्थ्य विभाग के महिला पुरूष कार्यकर्ता के द्वारा मोर मितान मोर संगवारी के माध्यम से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा को लेकर जागरूकता अभियान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पुरूष नसबंदी में मात्र 10 मिनट का समय लगता है। बिना चीरा, टांका के आपरेशन किया जाता है एवं नसबंदी के तुरंत बाद घर जा सकते है। पुरूष नसबंदी के पश्चात सामान्य कार्य प्रारंभ कर सकते है। पुरूष नसबंदी के कुछ दिन पश्चात हितग्राही के खाते में प्रोत्साहन राशि के रूप में 3000 रूपये दिये जाते है एवं प्रेरक को 300 रूपये दिये जाते है पुरूष नसबंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड धरमजयगढ़ में 11, पुसौर में 2, तमनार में 2, घरघोड़ा में 9, लोईंग में 9 एवं रायगढ़ शहरी क्षेत्र में 2 सहित जिले में अभी तक पुरूष नसबंदी 78 हो गया है परिवार नियोजन में पुरूष की भागीदारी को बढ़ावा देने और नसबंदी तरीको व उपयोग को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासो के क्रम को बढ़ाते हुए हर साल पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। परिवार नियोजन में विकासखंड लैलूंगा में टी.टी, एल.एस., सी.एस आपरेशन के साथ महिला नसबंदी अब तक टी.टी 63 हुआ है। जिले के समस्त पात्र हितग्राही जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपना पूर्व पंजीयन कराकर पखवाड़े को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

बैडमिंटन बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन कर दिया जाएगा प्रशिक्षण

रायगढ़, 6 दिसम्बर। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा जिला-रायगढ़ में बैडमिंटन खेल के खेलो इण्डिया लघु केन्द्र प्रारंभ करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें बैडमिंटन खेल हेतु बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन कर नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके लिए 12 दिसम्बर को अपरान्ह 3 से शाम 5.30 बजे तक चयन ट्रायल रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर के बैडमिंटन हॉल में आयोजित किया जाएगा। उक्त चयन ट्रायल में 10 से 17 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते है। इच्छुक खिलाड़ी स्वयं की बैडमिंटन किट सहित नियत तिथि एवं समय पर चयन ट्रायल में भाग ले सकते है। इस संबंध में किसी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण जिला-रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

नेतनागर में महिला और बच्चे की हत्या के मामले में आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 6 दिसम्बर। बिलासपुर-झारसुगुड़ा नेशनल हाईवे 49 पर 27 नवंबर की सुबह ग्राम नेतनागर में पैरावट में अधजले महिला व बच्चों का शव बरामद होने की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी जूटमिल रामकिंकर यादव ने घटनास्थल पहुँचकर इसकी जानकारी सभी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। जिसपर एसएसपी सदानंद कुमार, एडिशनल एसपी संजय महादेवा सीएसपी अभिनव उपाध्याय, साइबर सेल एवं फॉरेंसिक की टीम पहुंचकर शव, घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से पूछताछ कर तत्काल जांच में जुट गई। घटनास्थल और शव के निरीक्षण पर प्रारंभिक दृष्टिया मामला हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को पैरावट में जलाए जाने का प्रतीत हुआ। जघन्य हत्याकांड को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में 3 अलग-अलग टीमें अज्ञात आरोपी की पतासाजी में लगाई गई। इन टीमों को अलग.अलग जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमें एक टीम घटनास्थल से लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई थी, साइबर की टीम मोबाइल टावर से टेक्निकल एनालिसिस में लग गई। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी अमन और थाना प्रभारी जूटमिल के नेतृत्व में एक टीम ह्यूमन इंट के जरिये आरोपी का पता लगा रही थी जिसमें जानकारी मिली की घटना दिनांक को ग्रामीणों ने एक सफेद रंग की कार की आवाजाही घटनास्थल के आसपास देखा है। पुलिस के पास अब तक एक सफेद रंग की कार प्रथम संदेह उत्पन्न कर रहा था जिसकी जांच में सीएसपी अभिनव एवं डीएसपी अमन लखीसरानी की टीम नेशनल हाईवे और नेतनागर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही थीए जल्द ही पुलिस को संदिग्ध सफेद कलर की महिंद्रा एक्सयूवी कार टोल नाकेए मार्ग पर लगे सीसीटीवी और बैरियर में दिखाई दी। एक्सयूवी कार का आरटीओ से जानकारी प्राप्त कर उसके ऑनर का पता लगाया गया। कार विधा गुप्ता पति सूरज गुप्ता निवासी रायपुर का पता चला। पुलिस की एक टीम तत्काल रायपुर रवाना हुई जहां पुलिस को टीम को पता चला कि कार का उपयोग सूरज गुप्ता द्वारा किया जा रहा है जो पिछले कुछ समय से अपनी कंपनी में धोखाधड़ी कर कंपनी में काम करने वाली विवाहित महिला निधि औसरिया 28 साल और उसके पहले पति से हुये बच्चे पार्थ 05 साल के साथ रायपुर से बाहर कहीं रहता है।

वहीं संदिग्ध एक्सयूवी कार का घटना दिनांक की गतिविधियों को चेक कर रही टीम ने एक्सयूवी कार को अकलतरा से आगे बढ़ते बिलासपुर की ओर देखा गया जो बिलासपुर शहर से कहीं और नहीं निकली जिसके बाद सीएसपी अभिनव के नेतृत्व में पुलिस टीम बिलासपुर पहुंचकर संदेही सूरज गुप्ता की पतासाजी में जुट गई। बिलासपुर शहर के सीसीटीवी चेक करते हुए टीम शांतिनगर बिलासपुर पहुंची जहां सूरज गुप्ता एक किराए मकान लेकर एक महिला और बच्चे के साथ रह रहा था, एक्सयूवी कार पोर्च में खड़ी थी घर पर कोई नहीं थे। मकान मालिक से पूछताछ में जानकारी प्राप्त हुई कि सूरज गुप्ता और उसके साथ रहने वाली महिला निधि औसरिया और उसका 5 साल का बेटा पार्थ जो 2-3 दिनों से नजर नहीं आ रहे हैं जिससे पुलिस का शक बढ़ गया। पुलिस टीम सूरज के साथ रहने वाली निधि औसरिया का फेसबुक अकाउंट चेक किया गया निधि के फोटोग्राफ्स में दाहिने कान में लॉन्ग सोने का आभूषण पहनी हुई थी, जले शव वाली महिला के कान पर भी इस तरह का आभूषण देखा गया था जिससे पुलिस का संदेह और बढ़ गया कि जली हुई महिला निधि औसरिया उसका बच्चा पार्थ हो सकते हैं। वही साइबर टीम की मदद से निधि के मोबाइल नंबर जांच में रखा गया जिसकी मृत्यु के पश्चात भी संभावित आरोपी द्वारा उसके व्हाट्सएप के संचालन की जानकारी मिली। पुलिस की टीम को निधि के मोबाइल नंबर के एनालिसिस पर पता चला कि मोबाइल पर और नंबर एक्टिव थे जिसे जांच करते हुए पुलिस संदिग्ध सूरज गुप्ता का लोकेशन लिया गया जो पुलिस से छुपते हुए मुंबई भाग चुका था। तत्काल एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर डीएसपी अमन लखीसरानी के नेतृत्व में एक टीम पुणे रवाना हुई। वहीं संदेही सूरज गुप्ता पुलिस को गुमराह करने अपना मोबाइल बंद.चालू कर रहा था जिसका मोबाइल ऑन होने पर अगला लोकेशन दुर्ग.भिलाई प्राप्त हुआ। पुणे रवाना हुई टीम भिलाई पहुंची जहां आरोपी सूरज गुप्ता द्वारा अपनी पहचान छुपा कर नया फोन और नया सिम लेकर पीजी किराया में लेकर वहीं रहने की फिराक में था। टीम द्वारा आरोपी पतासाजी करते हुए भिलाई के प्रियदर्शनी परिसर पहुंच कर संदेही सूरज गुप्ता को हिरासत में लिया गया जिससे हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने निधि औसरिया और उसके बेटे पार्थ की हत्या कर शव को बिलासपुर-झारसुगुड़ा हाईवे में रोड किनारे पैरावट में जलाना कबूल किया और घटना का वृतांत बताया।

आरोपी सूरज गुप्ता पिता सुरेश गुप्ता उम्र 41 साल निवासी हिमालया हाइट्स, देवपुरी रायपुर हाल मुकाम शांति नगर बिलासपुर बताया कि पूर्व में रियल एस्टेट कंपनी में काम करता था। आरोपी ने बताया कि उसने क्लाइंट के रूपयों की धोखाधड़ी कर रायपुर में काम बंद कर इसके साथ कंपनी में काम करने वाली विवाहिता महिला निधि औसरिया और उसके बेटे पार्थ के साथ बिलासपुर में रहने लगा। सूरज गुप्ता और निधि पहले से विवाहित थे जो पिछले कुछ समय से बिलासपुर में पति.पत्नी की तरह रह रहे थे। आरोपी ने बताया कि दोनों के बीच अक्सर झगड़ा विवाद होता था। 24 नवंबर की रात निधि और सूरज में झगड़ा हुआ था जिसे लेकर सूरज दूसरे दिन भी गुस्से में था और 25 नवंबर के दोपहर दोनों के बीच फिर बहसा बहसी हुई और सूरज आवेश में आकर घर में रखे हथौड़े से निधि के सिर पर ताबड़तोड़ कई बार वार किया जिससे निधि अधमरी हो गई जिसका पैर से गला दबाकर उसकी हत्या कर दिया और पकड़े जाने के डर से घर में मौजूद मासूम पार्थ की वायर से गला दबाकर हत्या कर दिया। इसके बाद शव ठिकाने लगाने की प्लानिंग में सूरज जुट गया उसने पेट्रोलए प्लास्टिक व अन्य सामान की व्यवस्था कर शव को शहर से दूर ठिकाने लगाने 26 नवंबर की सुबह दोनों लाश को एक्सयूवी कार के डिक्की में डालकर रायगढ़ की ओर निकाला 26 नवंबर के दोपहर में ही आरोपी सूरज गुप्ता नेतनागर पहुंच गया और पैरावट रखे स्थान की रैकी कर स्थान को उचित मानकर रात्रि होने का इंतजार किया और देर रात शव को जलाकर पुलिस को चकमा देने के लिए बार.बार मार्ग बदल.बदल कर अकलतरा-बिलासपुर होते हुए अपने घर शांति नगर पहुंचा और कार पोर्च पर खडी कर रफू चक्कर हो गया। पुलिस ने आरोपी से मृतिका औसरिया के सोने चांदी के जेवरात करीब सात आठ लाख रुपए नगद कैश करीब ढाई लाख रुपये और एक्सयूवी 700 कार की जप्त की गई है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार के महत्वपूर्ण दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी श्री संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर उक्त घटना को एक हफ्ते के भीतर सुलझाने में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम में शामिल प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी, थाना प्रभारी जूटमिल रामकिंकर यादव, सहायक उप निरीक्षक भागीरथी चौधरी, शशिदेव भोय, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंहए बृजलाल गुर्जर आरक्षक विकास सिंहए धनंजय कश्यप, महेश पंडा, नवीन शुक्ला, रविंद्र गुप्ता, प्रताप बेहरा, पुष्पेंद्र जाटवार, प्रशांत पंडा, नरेश रजक, कान्हा पोर्ते गाड़ी की पहचान में महत्वपूर्ण परमानंद पटेल, तारीक अनवर, धर्नुजय बेहरा, विनय तिवारी, लखेश्वर पुरसेठ, शशिभूषण साहू, छबल के आरक्षक सुदर्शन पांडे, महिला आरक्षक मेनका चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

महेश गागड़ा ने जनादेश का अपमान किया है: विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 6 नवंबर। बीजापुर के नवनिर्वाचित विधायक विक्रम मंडावी ने बीजापुर के पूर्व विधायक महेश गागड़ा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव होते है चुनावों के दौरान जनता अपनी मनपसंद से आगामी पाँच वर्षो के लिए अपना जनप्रतिनिधि चुनती है, इसी प्रक्रिया के तहत बीजापुर की जनता ने विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विक्रम मंडावी पर अपना भरोसा जताते हुए लोकतांत्रिक रूप से अपना जनप्रतिनिधि चुन लिया है। लेकिन भाजपा के पूर्व विधायक महेश गागड़ा का अपने प्रेसवार्ता में चुनाव को लेकर दिया गया बयान बीजापुर के मतदाताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी को दिये गये जनादेश का अपमान है।

अपने प्रेसवार्ता में विक्रम मंडावी ने कहा कि पूर्व विधायक और भाजपा प्रत्याशी रहे महेश गागड़ा लगातार दो बार चुनाव हार चुके है इसी हार से बौखलाकर बीजापुर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए चुनावों पर ऊलजुलूल बयानबाजी कर बीजापुर जिले के मतदाताओं का अपमान करने में लगे है। विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में यह भी कहा कि वर्ष 2008 और 2013 में वे भी विधायक निर्वाचित हुए थे और भाजपा की सरकार भी बनी थी वे मंत्री भी बन गये तो क्या पूर्व विधायक महेश गागड़ा को उस समय के जिले के कलेक्टर और एस.पी. ने उन्हें चुनाव जिताया था या फिर बीजापुर ज़िले की जनता ने चुनाव जिताया था उन्हें इस बात का खुलासा करना चाहिए। विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में कहा वास्तविकता यह है कि महेश गागड़ा को मिली स्वयं की हार और कांग्रेस पार्टी को मिली जीत को वे पचा नहीं पा रहे है लगातार दो बार मिली हार से बौखलाकर मनगढ़ंत बयानबाजी कर अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रहे है इस तरह के स्तरहीन बयानबाज़ी करके पूर्व विधायक महेश गागड़ा ने बीजापुर की जनता के जनादेश का अपमान किया है इसलिए पूर्व विधायक महेश गागड़ा को बीजापुर की जनता से माफ़ी माँगनी चाहिए।÷ विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि पूर्व विधायक महेश गागड़ा झूठे आरोप लगाने में माहिर है और अब भी वे झूठे आरोप लगाकर जिले के अधिकारी, कर्मचारी और ठेकेदारों को डरा धमकाकर ज़िले में भय का माहौल बनाने का काम कर रहे है और अपने आप को आज भी मंत्री समझ रहे है साथ ही विधायक विक्रम मंडावी ने पूर्व विधायक महेश गागड़ा को चुनौती देते हुए कहा कि अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है यदि विक्रम मंडावी ने भ्रष्टाचार किया है तो निष्पक्ष जाँच करायें और जेल में डालें। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्या नीना रावतिया उद्दे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, सांसद प्रतिनिधि वेणुगोपाल राव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सत्येन्द्र देवांगन उर्फ सोनू एक साल के लिए जिलाबदर

रायगढ़, 6 दिसम्बर। कलेक्टर व जिला दण्डाधिकरी श्री कार्तिकेया गोयल ने 4 दिसम्बर 2023 को आदेश जारी कर सत्येन्द्र देवांगन उर्फ सोनू, पिता-रामधन देवांगन, उम्र-27 वर्ष, निवासी-अम्बेडकर आवास थाना चक्रधरनगर, रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है। आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा सत्येन्द्र देवांगन को चौबीस घंटे के भीतर जिला-रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। सत्येन्द्र देवांगन को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर सत्येन्द्र देवांगन के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह पाया गया कि सत्येन्द्र देवांगन वर्ष 2016 से चक्रधरनगर क्षेत्र में लगातार सट्टा पट्टी लिखकर असामाजिक कृत्य करने का अपराध घटित करते आ रहा है। उसके आपराधिक कृत्य से आम जनता आतंकित है तथा भय एवं आतंक के कारण उसके विरूद्ध खुले तौर पर शिकायत करने व साक्ष्य देने के लिए सामने आने का साहस नहीं कर पाते है। जिसके कारण शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सत्येन्द्र देवांगन के आचरण में सुधार लाने के लिए उसके विरूद्ध सामान्य विधियों के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का कोई असर नहीं हुआ है तथा सुधार नहीं आ रहा है। सत्येन्द्र देवांगन के आपराधिक कृत्यों के कारण जनसामान्य अपनी जानमाल की सुरक्षा के प्रति आशंकित होने लगे है, जिससे लोक परिशांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की भी युक्तियुक्त संभावना बनी हुई है। इसके आपराधिक कृत्यों में विधिक तरीके से कार्यवाही किए जाने के बावजूद सुधार की कोई अन्य विकल्प नहीं होने से छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा ग के अंतर्गत कार्यवाही अमल में लाया जाना नितांत आवश्यक हो गया है।

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा सत्येन्द्र देवांगन के विरूद्ध छ.ग.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करने हेतु प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है।

लेखा समाधान बैठक 28 को

महासमुंद। विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिणाम की घोषणा के 26वें दिन यानी 28 दिसंबर 2023 को लेखा समाधान बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन व्यय की न्यूनोक्त राशि, यदि कोई है, का लेखा समाधान करने का एक और अवसर दिया जाएगा। तत्संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 78 के अनुसार निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन के परिणाम घोषित होने के 30 दिन के अंदर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्ययों के लेखे की सही प्रतिलिपि दाखिल करनी होती है।

समाचार संक्षेप

प्रबंधक की जानकारी बिना कर्मचारियों की नियुक्ति

बीजापुर,6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आदिमजाति सेवा सहकारी समिति मर्या .इलमिडी चिलकापल्ली एवं आवापल्ली मे कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो कि पूर्णतः गलत है प्राधिकृत अधिकारी इकेश कुमार नेताम सहकारी निरीक्षक द्वारा अपनी मर्जी एवं मनमाने ढंग से शासन के नियमों को दरकिनार. करते हुए जो सहकारी सेवा नियम पंजीयक सहकारी संस्थाऐ छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा वर्ष 2018 .मे बनाया गया है जिसका पालन नहीं किया गया है सहकारी समिति लेम्पस इलमिडी चिलकापलली एवं आवापलली मे प्रबंधक विष्णु प्रसाद साहू चार्ज मे था किंतु समिति के प्रबंधक को पता ही नहीं है कि समिति मे.कर्मचारी. नियुक्त किया गया है जबकि कर्मचारी नियुक्ति से पहले समिति के प्रबंधक द्वारा समाचार पत्रों मे ज्ञापन दिया जाता है या समिति के आश्रित ग्रामों में मुनादी करवाया जाता है और किस पद के लिए आवेदन किया जाना है जिसका आवेदक द्वारा आवेदन फार्म जमा किया जायेगा और आरक्षण के आधार पर फार्म कि जांच किया जायेगा जिसमें. सहायक पजींयक का प्रतिनिधि साख प्रबंधक संचालक मंडल का अध्यक्ष एवं समिति प्रबंधक शामिल रहता है किंतु ऐसा कोई भी. नियम के तहत कार्य वाही.नहीं किया गया है यंहा तक की समिति के प्रबंधक को भी पता नहीं चला कि समिति मे कर्मचारी. नियुक्त हुआ है

इस संबंध में. दिनाक 14 दिसंबर 2022 को कर्मचारी नियुक्ति की.शिकायत सयुंक्त पंजीयक सहकारी संस्थाये बस्तर संभाग जगदलपुर को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया जिनके द्वारा सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाऐ बीजापुर को एक सप्ताह के अंदर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते कहा गया था किंतु लगभग एक वर्ष व्यतीत होने को है आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है इससे प्रतीत होता है कि इस नियुक्ति मे सहायक पंजीयक सहकारी सस्थाऐ की मिली भगत है जिसके चलते अब तक को कार्य वाही नहीं हुई है लेम्पस उसूर विष्णु प्रसाद साहू ने तत्काल जांच की मांग करते उक्त विज्ञप्ति जारी किया है।

एक्सप्रेस जनसुविधा बस सेवा का समुचित संचालित करने के दिए निर्देश



बीजापुर,6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले के समस्त धान उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी, उठाव एवं बारिश के मौसम को मद्देनजर रखते हुए समुचित रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले में संचालित विकास कार्यो में गति लाने, किसानों को पैरादान के लिए प्रेरित कर, गौठानों में पर्याप्त चारे का प्रबंध कर, पैरा को परिवहन कर गौठानों में एकत्रित करने को कहा। बीजापुर एक्सप्रेस जनसुविधा बस सेवा का समुचित संचालन करने बस की देखरेख, इंश्योरेंस इत्यादि का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ गौण खनिज रेत उत्खनन 2023 के तहत रेत उत्खनन पट्टा हेतु प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले में संचालित समस्त रीपा केन्द्रों में उत्पादन एवं विक्रय बढ़ाने के निर्देश दिए बैठक मे स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिम जाति, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य विभागों के कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएफओ श्री रंगानाथा रामकृष्णा वाय, उप निर्देशक इन्द्रावती टाईगर रिजर्व श्री संदीप बल्गा, सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, समस्त अनुभाग के एसडीएम, डीटी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के लिए ऑनलाईन आवेदन 30 दिसम्बर तक

बीजापुर,6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति की पात्रता रखने वाले शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है। नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए विद्यार्थी 30 दिसम्बर 2023 तक ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। प्रस्ताव लॉक करने के अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2023 से 20 जनवरी 2024 तक एवं स्वीकृति लॉक करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2023 से 24 जनवरी 2024 तक निर्धारित है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्रता रखने वाले विद्यार्थी वेबसाईट द्धह्लह्लश्च//श्च्ह्लह्लद्बह्लद्बद्ग-ष्ठ्ष्ठ्श्च्ष्ठ्ठ्ठ्ठ्ठ्ठ्ठ.ष्द्.द्बद्ग.द्बह्ल/ पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

मृदा स्वास्थ्य-टिकाऊ खेती का आधार:डॉ. केडी महंत

रायगढ़, 6 दिसम्बर। विश्व मृदा दिवस का सन्देश-मृदा एवं जल जीवन का श्रोत है। कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ.के.डी.महंत ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व स्तर पर मिट्टी की रक्षा करने और किसानों की मदद करने के प्रयास में एफएओ ने चेतावनी दी कि हर पांच सेकंड में एक फुटबॉल पिच के बराबर पृथ्वी नष्ट हो जाती है। केवल कुछ सेंटीमीटर ऊपरी मिट्टी बनाने और भूमि की बहाली में मदद करने में भी लगभग एक हजार साल लग जाते हैं। स्वस्थ्य मृदा का मतलब है कि मृदा में पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों (कार्बनिक पदार्थ) मुख्य एवं सूक्ष्म तत्व की भरपूर मात्रा एवं नमी रोकने की क्षमता हो। जिससे अधिक फसल उत्पादन लिया जा सकें। उन्होंने बताया कि मृदा स्वास्थ्य आधार में पाँच सिद्धांत शामिल हैं जिनमें मृदा कवच, मिट्टी की अशांति को कम करना, पौधों की विविधता,निरंतर जीवित पौधा/पाद और पशुधन एकीकरण। इन सिद्धांतों का उद्देश्य मृदा निर्माण प्रभाव को अधिकतम करते हुए सिस्टम दृष्टिकोण में लागू करना है। मृदा स्वास्थ्य पर्यावरणीय स्वास्थ्य, मानव स्वास्थ्य, पौधों के स्वास्थ्य और पशु स्वास्थ्य की अवधारणाओं

के अनुरूप है। मानव स्वास्थ्य एक कार्यात्मक अवधारणा है जो हमारी कार्य करने की क्षमता, एक-दूसरे और हमारे पर्यावरण के साथ बातचीत करने और भविष्य में ऐसा करने की क्षमता का वर्णन करती है। विक्टोरिया की प्राकृतिक संपदा के प्रबंधन के लिए मिट्टी के स्वास्थ्य को समझना, उसकी रक्षा करना और उसमें सुधार करना महत्वपूर्ण है। मृदा स्वास्थ्य मूल रूप से भूमि उत्पादकता और पर्यावरणीय स्थिरता से जुड़ा है मृदा के गुणों के आधार पर मृदा स्वास्थ्य के स्तर का पता चलता है जो कि निम्नलिखित है। मृदा अभिक्रिया इसका अभिप्राय मृदा विलयन की अम्लता, क्षारीयता एवं उदासीनता से है। मृदा विलयन में विभिन्न तत्व आयन्स के रूप में होते है। अम्लीय आयन्स जैसे हाइड्रोजन, नाइट्रेट व सल्फेट आदि तथा क्षारीय आयन्स जैसे हाइड्रोजन ऑक्साइड, कैल्शियम, मैग्नीशियम, सोडियम, पोटेशियम आदि मृदा विलयन मे रहते है। यदि मृदा कोलाइड पर हाइड्रोजन आयन्स का सान्द्रण हाइड्रोजन ऑक्साइड से ज्यादा हो तो मृदा अम्लीय होती है और यदि हाइड्रोजन आयन्स का सान्द्रण कम हो तो मृदा क्षारीय होती है तथा बराबर समान संख्या होने पर मृदा अभिक्रिया उदासीन होती है। मृदा स्वास्थ्य का अर्थ मृदा के उन सभी प्रभावों से है जिनके आधार पर फसल का उत्पादन अच्छा हो सके और जिसमें पौधों की वृद्धि एवं विकास के सभी गुण उपस्थित हो तथा जीवों की संख्या और उनकी क्रियाशीलता आदर्श स्तर की हो। इन्ही वांछित गुणों के आधार पर मृदा स्वास्थ्य को निर्धारित करते हैं। मृदा स्वास्थ्य के आधार मृदा स्वास्थ्य का इसकी उर्वराशक्ति और उत्पादकता के सिद्धान्त के कारकों से सीधा संबंध होता है।

एक नजर

रेलवे क्रासिंग मार्ग के डामरीकरण करने मांग

भाटापारा 6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सिंधी समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल धरानी ने सुहेला माता देवालय मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के डामरीकरण की मांग करते हुए कहा है कि जहां पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे दो पहिया, चारपहिया वाहन चालकों को आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। मार्ग का निर्माण शीघ्र किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसी स्थिति भी बन जाती है कि गड्ढों की वजह से दोपहिया वाहन चालक गिर जाते हैं। उन्होंने कहा कि उक्त रेलवे क्रॉसिंग के पार मेहता नगर, प्रेम प्रकाश नगर, तेऊराम कॉलोनी, आदर्श नगर कॉलोनी में रहने वाले नागरिक काफी ज्यादा परेशान है। इस दिशा में गंभीरता से कदम उठाए जाने की जरूरत है।

राहुल की मोहब्बत की दुकान में छत्तीसगढ़ की जनता ने लगाया तालाः नरेंद्र तिवारी

छुरा 6 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लगाकर बता दिया कि छत्तीसगढ़

की जनता कर्ज माफ, बत्तीस सौ रूपये धान की कीमत एवं माताओं बहनों ने सालाना 15000 रुपये कांग्रेस के वादे को नकार दिया, हाथ में गंगाजल लेकर झूठे कसम खाने वाले कांग्रेसिय को मां गंगा मय्या का श्राप ऐसा लगा कि छत्तीसगढ़, राजस्थान मध्यप्रदेश में बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा, छत्तीसगढ़ की जनता ने भरोसा न कांग्रेस पर न उनके नेताओं पर किया सिर्फ भाजपा सनातन मोदी पर भरोसा जताया,गोबर,नरवा,बाड़ी,शराब, कोयला, जुआ सट्टा के खेल में पांच साल तक कांग्रेस राज किया, विकास के नाम पर कुछ भी नहीं करने वाले कांग्रेस को सबक सिखाने में छत्तीसगढ़ की समझदार मतदाताओं ने कांग्रेस के लालच में न आकर भाजपा का साथ दिया आज भाजपा कार्यकर्ताओं आमजनता की पार्टी है,भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र तिवारी 2024 के लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में ग्यारह सीटों पर भाजपा का परचम फैहराना है केन्द्र में नरेंद्र मोदी जी का सरकार भारी बहुमत से बनेगा।

लोमड़ी के काटने से ग्रामीण की हुई मौत

कोरबा 6 दिसंबर। न केवल कुत्ते के काटने से बल्कि दूसरे जानवर हो गए हमले में घायल होने पर भी इंसानों को खतरे हो सकते हैं और उनकी मौत भी हो सकती है। लोमड़ी के काटने से घायल हुए एक व्यक्ति ने आखिरकार दम तोड़ दिया। उसका उपचार मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में चल रहा था। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।कोरबा जिले के कटघोरा पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआपाली गांव से यह मामला जुड़ा हुआ है वहां के रहने वाले 64 वर्षीय घासीराम को कुछ दिन पहले लोमड़ी ने काट दिया था। सामान्य उपचार प्राप्त करने और स्थिति ठीक होने पर पीड़ित को घर भेज दिया गया था। इस बीच उसकी स्थिति खराब हो गई और वह उसे तरह की हरकतें करने लगा जैसा कि कुत्ते के काटने पर पीड़ित किया करते हैं। बताया गया कि यह लक्षण रेबीज जैसे थे। स्थिति को गंभीरता से लेने के साथ परिजनों ने मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे के आसपास पीड़ित को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां कुछ घंटे के बाद उसकी मौत हो गई। अस्पताल से प्रतिवेदन मिलने पर पुलिस के द्वारा मर्ग काम किया गया है। पोस्टमार्टम के साथ शव के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया की जा रही है।

आठ लाख की लालच में गवां बैठा 96 हजार

अंबिकापुर 6 दिसंबर। आठ लाख के इनाम के झांसे में आकर उदयपुर के ग्राम ललाती निवासी अमर साय 96 हजार रुपये की साइबर ठगी का शिकार हो गया।अमर साय की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी की है। अमर साय ने उदयपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बीते 29 नवंबर को वह फेसबुक देख रहा था। फेसबुक के माध्यम से मोबाइल नंबर पर पांच रुपये के नोट का फोटो खीचकर भेजने के सबंध में पोस्ट देखा। उस मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर कुछ लालच दिया गया। अमर ने पांच के नोट का फोटो खीचकर भेजा तो उक्त मोबाइल धारक ने बताया उसके नाम से आठ लाख का इनाम निकला है।इनाम के लालच में अमर साय फंस गया। आरोपित द्वारा कुछ प्रक्रियाओं की जानकारी देकर एक बार कॉड भेजा गया।

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक जारी

फसल रौंदने के बाद ग्रामीण के घर का चौखट तोड़ा लोनर ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कोरबा 6 दिसंबर। जिले के कटघोरा वन मंडल के पसान, एतमा नगर व केंदई रेंज में हाथियो का आतंक लगातार बना हुआ है। यहां के जंगलो में बड़ी संख्या में गजदल विचरण कर रहे है। इनमें से एक लोनर हाथी बीती रात पसान रेंज के सेमरहा गांव में उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के चौखट को क्षतिग्रस्त कर दिया। लोनर के उत्पात से पीड़ित ग्रामीण द्वारा शोर मचाए जाने पर गांव के अन्य लोग जागे और मसाल तथा टार्च जलाकर एवं बाजा बजाकर लोनर हाथी को खदेड़ा । ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने पर लोनर ने जंगल का रूख किया इससे पहले यह हाथी खेतो में पहुंच गया था। और वहां आधा दर्जन ग्रामीणों की धान व अरहर की फसल को तहस-नहस कर दिया ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा । और लोनर द्वारा रात में किए गए नुकसानी आकलन करने के साथ ही अपनी रिपोर्ट तैयार की। अमला द्वारा लोनर की निगरानी भी की जा रही है। बताया जाता है कि केंदई रेंज के सिरमिना सर्किल में एक लोनर सहित 7 अन्य हाथियो का दल विचरण कर रहा है। यह दल अभी शांत है। वहीं एतमा नगर रेंज के रिगनिया क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में हाथियो के विचरण से ग्रामणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग द्वारा हाथियो की लगातार निगरानी की जा रही है। इसके लिए वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बावजूद इसके हाथी खेतो व बस्ती में पहुंच नुकसान पहुंचा दे रहे है। जो चिता का विषय है।

नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू को मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में देखना चाहती है क्षेत्र की जनता

■ राजिम विधानसभा क्षेत्र पिछले 20 सालों से छ.ग.के केबिनेट के स्थान से वंचित रहा है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा 6 दिसंबर। भाजपा उम्मीदवार रोहित साहू की जीत से गांव गांव में उत्साह, खुशी एवं उमंग क माहौल है। गांव के ग्राम पंचायत के पंच फिर सरपंच उसके बाद विकासखंड स्तरीय सरपंच संघ के अध्यक्ष और अभी जिला पंचायत के गरियाबंद के सदस्य जैसे पद में रहने वाले राजिम विधानसभा में जाना पहचाना अपने बीच के व्यक्ति का चेहरा होने से अनेक विधायक बनने से आम लोग स्वयं को काफी गौरवन्वित महसूस कर रहे है।यही कारण है कि ग्रामीण राजिम के पुत्री मेला यानी राजिम कुंभ के साथ-साथ राम वन गमन मार्ग का प्रमुख अंचल होने के कारण राजिम की महत्ता प्रतिपादित करने अपने लाडले विधायक रोहित साहू को छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में देखना चाहते है।छ.ग. की नहीं बल्कि पूरे देश और विश्व में ख्याति प्राप्त राजिम मेले को राजिम कुंभ के नाम प्रतिष्ठित करने वाली भाजपा के निर्णय को आने वाले वर्षो में पूरी तैयारी के साथ आयोजित करने जरूरी है कि इस क्षेत्र का विधायक राज्य सरकार के केबिनेट में प्रतिनिधित्व करें। यही कारण है कि राजिम विधायक रोहित साहू को मंत्रिमंडल में लिए जाने की मांग की जा रही है। सीधे जमीन से जुड़े जमीनी कार्यकर्ता रोहित साहू को इस प्रकार की महत्वपूर्ण एवं बड़ जिम्मेदारी मिलने से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम आदमी को भी भाजपा के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।जिसका लाभ जहां प्रतिष्ठित राजिम मेला के आयोजन में चार चांद लगेगें वहीं मई 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रति आम आदमी का लगाव बढ़ेगा।रोहित साहू छ.ग. के मंत्रिमंडल के चलते पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।राजिम विधानसभा के मतदाताओं को इस बात का भी मलाल है।कि छ.ग. में राजनीति का प्रमुख क्षेत्र जहां से 3-3 बार मुख्यमंत्री का पद पं.श्यामाचरण शुक्ल जैसे कद्दावर नेता ने किया है वह क्षेत्र पिछले 20 सालों से छ.ग. के केबिनेट में स्थान से वंचित रहा है।

कलेक्टर ने निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव के लिए सभी वर्गो के प्रति जताया आभार

बलौदाबाजार,6 दिसंबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न होने पर अधिकारी-कर्मचारी,मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य सभी वर्गो के प्रति अपना आभार जताया। उन्होने पत्र जारी कर कहा की विधानसभा निर्वाचन 2023 की प्रक्रिया निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो गई विधानसभा निर्वाचन 2023 के कार्य में जिले के समस्त शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन भली भांति एवं पूरी निष्पक्षता के साथ सफलतापूर्वक सम्पादित किया गया। जिले के इलेक्ट्रानिक/प्रिंट मीडिया, स्थानीय जन प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के द्वारा भी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान सकारात्मक सहयोग प्रदान किया गया। इलेक्ट्रानिक / प्रिंट मीडिया के द्वारा भी मतदाता को जागरूक करने, सूचनाओं को त्वरित जनमानस तक पहुंचाने, अफवाहों से बचाने एवं निष्पक्ष मतदान में भाग लेने हेतु प्रेरित करने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। इसके साथ ही महिला अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन बड़े उत्साह से किया गया। विशेषकर संगवारी मतदान दल में शामिल महिला कर्मचारियों का प्रयास अत्यधिक सराहनीय रहा, जिनकी जितनी भी प्रशंसा की जावे, वह कम है। वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, व्यय लेखा टीम काल सेंटर, मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानिटरिंग कमेटी, उड़नदस्ता,स्थैतिक निगरानी दल, मतदान दलों के द्वारा भी अपने दायित्वों का निर्वहन जिस तत्परता से किया गया, वह भी सराहनीय है।

स्वीप के तहत जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान प्रशंसनीय रहा, जिसमें विद्यालय/महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, महिला स्व सहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से हमें इसमें सफलता मिली।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसम्बर को

बलौदाबाजार, 6 दिसम्बर। सशस्त्र सेना झंडा दिवस प्रति वर्ष भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में हमारे देश में 07 दिसम्बर को हर्ष के साथ मनाया जाता हैं। इस परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर चंदन कुमार ने सभी नागरिक से अपील की गई है कि शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत् सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें। गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समस्त नागरिकों के लिये अपनी सेना में विषम एवं दुर्गम इलाकों में सेवारत् सैनिकों, वीर शहीदों के परिवार व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का उत्तम अवसर है, जिसमें सभी नागरिक दिल खोलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में बढ़ चढ़कर योगदान दे सकते हैं। झंडा दिवस की यह राशि घायल सैनिकों के पुनर्वास,शहीद सैनिकों के परिवार को आर्थिक सहायता एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों हेतु कल्याणकारी योजनाओं एवं पुनर्वास में उपयोग की जाती है। विदित हो कि दान की गई समस्त राशि, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 के अंतर्गत आयकर से मुक्त होगी। इसके अलावा समीप के सैनिक कल्याण कार्यालय से सम्पर्क कर चेक/आरटीजीएस/ड्रॉफ्ट के माध्यम या बारकोड के व्दारा दिया जा सकता हैं।

समाचार संक्षेप

पूर्व अधिकारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, आय से अधिक संपत्ति मामला

बिलासपुर 6 दिसंबर। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी व रिटायर्ड संयुक्त संचालक आरएन हीराधर के खिलाफ एसीबी का चालान पेश होते ही स्पेशल कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। गिरफ्तारी से बचने के लिए हीराधर ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी लगाई है। इस मामले की जांच में एसीबी की देरी को लेकर हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई गई थी, जिसके बाद यह चालान जमा किया गया। सन् 2021 में हीराधर के खिलाफ दस्तावेजों के साथ एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत की गई थी कि उनके पास करोड़ों की संपत्ति है। यह संपत्ति उन्होंने बिलासपुर में जिला शिक्षा अधिकारी रहने के दौरान अर्जित की है। इसके बाद ब्यूरो ने छापा मारा। छापे में पाया गया कि उन्होंने अपनी आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है, जिसका कोई हिसाब नहीं है। एसीबी ने जांच में पाया था कि बिलासपुर की विजयापुरम कॉलोनी में उनकी पत्नी भुनेश्वरी के नाम पर 2500 वर्गफीट का प्लॉट है जिसमें दो मंजिला मकान है। जमीन की कीमत करीब 48 लाख रुपए और मकान करीब एक करोड़ का है। बिलासपुर के ही मोपका में बेटे रूबेल के नाम पर 50 लाख रुपए की 4820 वर्गफीट जमीन है। विजयापुरम् में ही बेटे राहुल के नाम पर 25 वर्गफीट भूखंड है। बिलासपुर के चांटीडीह में हीराधर के नाम पर 36 सौ वर्गफीट जमीन है, जिस पर तीन मंजिला मकान बना है। इसके अलावा कांकेर के चारामा में कई एकड़ कृषि भूमि बिलासपुर में पदस्थापना के दौरान खरीदे गई।

दो मंजिला इमारत में लगी आग

कोरबा 6 दिसंबर। कोरबा अंचल के कोतवाली थाना क्षेत्र में श्याम मंदिर के पास एक मकान के दूसरे माले में भीषण आग लग गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना दमकल वाहन को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आग फ्रिज के कंप्रेसर फटने की वजह से लगी है। मिली जानकारी के मुताबिक आशा देवी शर्मा अपने दो बेटा, बहू और उसके बच्चों के साथ निवास करती है। मंगलवार की शाम 6 बजे घर में लगभग आशा शर्मा और उसकी बहू और बच्चे मौजूद थे। दोनों बेटे किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अचानक किचन पर रखे फ्रिज का कंप्रेसर फट गया और भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि कंप्रेसर फटने की आवाज इतनी जबरदस्त थी कि पूरा परिवार बाहर भाग खड़ा हुआ। लोगों ने आग की की सूचना 112 और दमकल वाहन को दी। घटना की सूचना के बाद मौके पर नगर निगम, सीएसईबी, बालको समेत पांच दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया। जिला अग्नि समन अधिकारी पी.बी. सिदार ने बताया कि नगर सेना की दमकल वाहन मौके पर पहुंची थी, आग पर काबू पा लिया गया है। फिलहाल कोई जनहानि की खबर नहीं है। सभी लोग सुरक्षित हैं।

डेका लेज़र अकादमी का विजयपुर में उद्घाटन

रायपुर 6 दिसंबर। कर्नाटक के विजयपुर स्थित बी एम पाटील मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भारत की पहली लेज़र अकैडमी में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर आलोक दिक्षित संस्था के उपदेशक बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ का मान बड़ा है अवगत हो की विजयपुर स्थित बी एम पाटिल मेडिकल कॉलेज व हस्पताल में भारत की पहली लेज़र अकैडमी बीएलडीए का उद्घाटन , कर्नाटक के उद्योग मंत्री श्री एम बी पाटिल के कर कमलों द्वारा किया गया । इटली स्थित लेज़र कंपनी डेका व बीएलडीए यूनिवर्सिटी के बीच समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ । माननीय मंत्री जी व यूनिवर्सिटी के चांसलर ने अपने भाषण में कहा कि इस से ना केवल त्वचा रोगों का बेहतरीन इलाज होगा , बल्कि चर्म रोगों के इलाज पर अनुसंधान व विकास पर भी अंतर राष्ट्रीय स्तर पर काम होगा । इटली से आये डॉ पॉलो साल्वेनियो ने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र के बेहतरी के लिए यह एक सराहनीय कदम है । यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ अरुण ईनामदार ने देश विदेश से आये सभी अतिथियों का स्वागत किया , व बताया कि पिछले 3 दशकों की कड़ी मेहनत के बाद यह अकादमी स्थापित हो पाई है ।

इस अवसर पर विख्यात चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक दीक्षित को आमंत्रित किया गया । वहाँ उनका ÷उपदेशक ÷ के रूप में सम्मान किया गया । ज्ञात हो कि डॉ आलोक दीक्षित लगभग 25 वर्षों से इस खेत्र में अपनी सेवाये दे रहे हैं व लेज़र का उपयोग भी त्वचा रोगों के उपचार के लिए करते हैं । इस अकैडमी में मध्य भारत के वे एकमात्र चर्म रोग विशेषज्ञ हैं ।

भारत के प्रसिद्ध मेडिकल कॉलेज के लेजर अकादमी में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चिकित्सक आलोक दीक्षित को उपदेशक बनाए जाने के बाद मेडिकल एसोसिएशन ने भी बधाई दी साथ ही साथ सामाजिक संस्थान तथा जनप्रतिनिधियों ने भी आलोक दीक्षित को बधाई दी है बधाई देने वालों का आभार व्यक्त किया है।

कटघोरा में अवैध अतिक्रमण पर चलेगा बुलडोजर

कोरबा 6 दिसंबर। विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद कोरबा विधायक ने पत्रकारों से कहा कि चुनाव के बाद क्षेत्र की सभी जनता उनके लिए समान है और विकास कार्य की गाथा बगैर भेदभाव के लिखी जाएगी। सभी ने समर्थन दिया। इस वजह से किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। जिले में भ्रष्टाचार का खात्मा किया जाएगा इस मौके पर कटघोरा विधायक ने कहा कि कटघोरा को जिला बनाने का प्रयास करते हुए अतिक्रमणकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह ने कहा कि भाजपा के दो विधायक चुनाव में जीत दर्ज करने में सफल हुए हैं इसका श्रेय कार्यकर्ताओं सहित आम लोगों को है। इसके बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए शहर विधायक लखन लाल देवांगन ने दोहराया कि चुनाव में जीत दर्ज हो चुकी है। अब उनका पूरा ध्यान शहर के विकास के लिए लगेगा, घोषणा पत्र में जा वायदे किए गए हैं।

न्यायालय तहसीलदार, तहसील बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक/2534/प1 तह./2019

रा.प्र.क्र.....

अ-21 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक साधेराम नेताम पिता स्व. मयाराम नेताम ग्राम चोरभट्ठी पो. मटका तहसील व जिला बेमेतरा द्वारा माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय बेमेतरा के समक्ष ग्राम चोरभट्ठी प.ह.नं. 49 ख.नं. 86,87/2, रकबा क्रमशः 0.5400, 0.3000 हे. ग्राम सिंघौरी प.ह.नं 28 ख.नं. 357, रकबा क्रमशः 0.1700 हे. ग्राम कोबिया प.ह.नं 35 ख.नं. 263/2, 2506, 2574/1, 2574/2, 2592/3 रकबा क्रमशः 0.0690, 0.2550, 0.0850, 0.0850, 0.1210 हे. ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं 47 ख.नं. 51/2, रकबा क्रमशः 0.1600 हे. तह. व जिला बेमेतरा में स्थित है जिसे गैर आदिवासी बलमित सिंह सलूजा पिता मालक सिंह सलूजा उम्र लगभग 44 वर्ष जाती पंजाबी ग्राम बेमेतरा के पास विक्रय किये जाने हेतु विक्रय अनुमति बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है ।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ती हो तो नियत पेशी तारिख 20.12.23 स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

आज दिनांक 5.12.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर सहित ईश्तहार जारी हो।

मुहर

तहसीलदार
बेमेतरा

8 से 10 दिसंबर तक लगेगा स्पॉट बुकिंग मेला

कचना में रहेजा ग्रुप के निर्वाणा 2 की लॉन्चिंग

रायपुर 6 दिसंबर। रियल एस्टेट सेक्टर की अग्रणी विश्वसनीय रहेजा ग्रुप के प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट रहेजा निर्वाणा -2 की लॉन्चिंग 8, 9 और 10 दिसंबर को प्रोजेक्ट साइट कचना में है. तीन दिन के स्पाट बुकिंग मेला में हर बुकिंग पर निश्चित उपहार मिलेगा. 23 एकड़ के सर्वसुविधायुक्त इस प्रोजेक्ट में चार अलग-अलग साइज के प्लाट उपलब्ध कराये जा रहे हैं. शहर के शोर शराबे से हटकर हरियाली और पर्यावरण के अनुकूल इस प्रोजेक्ट में सुकून भरा वातावरण मिलेगा.

रहेजा ग्रुप के डायरेक्टर दीपक रहेजा और संजय रहेजा ने बताया कि हमने रहेजा निर्वाणा 2021 में लॉन्च किया था और आज 2023 में वह पूरी हो चुकी है. सारे डेवलपमेंट पूर्ण करने के बाद समय से पहले यह प्रोजेक्ट बेहतर सुविधाओं के साथ पूरा हो गया है. लोगों की डिमांड पर ही हम कचना में रहेजा निर्वाणा-2 लॉन्च कर रहे हैं. यह भी प्रीमियम प्लाटिंग प्रोजेक्ट है. जिसमें 1000, 1200, 1500 और 2000 की साइज में प्लाट उपलब्ध होंगे. कुल 23 एकड़ का यह प्रोजेक्ट अपनी सुविधाओं, लेआउट और लोकेशन को देखते हुए काफी पसंद किया जा रहा है. इसकी कनेक्टिविटी मुख्य बाजार, शैक्षणिक संस्थान, हास्पिटल से काफी समीप है.

रहेजा निर्वाणा -2 राजधानी रायपुर के कचना में लोकेटेड एक प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट है जिसमें वो सभी लग्जरी सुविधाएं उपलब्ध है जो किसी प्रीमियम प्रोजेक्ट में होनी चाहिए. रहेजा निर्वाणा -2 के लॉन्चिंग अवसर पर हर बुकिंग पर निश्चित उपहार प्रदान किया जायेगा. रहेजा निर्वाणा-2 में प्रीमियम प्रोजेक्ट की सभी सुविधाएं जैसे क्लब हाउस, लाइब्रेरी, कैफे, स्वीमिंग पूल, जकूज़ी, जिम, लान टेनिस, स्क्वैवेश कोर्ट, गार्डन, चिल्ड्रन प्ले एरिया, इनडोर-आउटडोर गेम्स, मंदिर इत्यादि उपलब्ध होंगे. रहेजा ग्रुप के डायरेक्टर दीपक रहेजा और संजय रहेजा ने बताया कि रहेजा निर्वाणा -2, हमारे अब तक के सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की कड़ी में एक और कदम है. काफी तेजी से यहां काम चल रहा है, रायपुर के कचना एरिया में लॉन्च किये जाने वाला यह एक प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट है. जिसमें प्रापर्टी बायर्स के लिए उन सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, जिनसे उन्हें वो खुशियां, सुकून और शांति मिले जो एक कम्पलीट लाइफस्टाइल के लिए चाहिए. आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हम सब इतने व्यस्त हो गए है कि हमें सुकून की तलाश है, और हमें यह सुकून अपने घर में ही मिलता है, इसलिए हमने इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस प्लॉटिंग प्रोजेक्ट की प्लानिंग की है. उन्होंने कहा कि हर परिवार का सपना होता है कि वो एक ऐसी सोसाइटी में रहें जहाँ पूरे परिवार की सुरक्षा, बच्चों के खेलने की जगह, बुज़ुर्गों के मनोरंजन एवं आराम की व्यवस्था के साथ ही स्वच्छता हो.

इसके अलावा आज स्वस्थ रहने के प्रदूषणरहित जगह का चयन सबसे पहली प्राथमिकता है. इसलिए लोग अपने लिए रहने की जगह का चुनाव बहुत ही सोच समझ कर करते हैं. पूरी तरह से कव्हर्ड कैम्पस हैं जहां 24 घंटों सुरक्षा रहेगी. उन्होंने बताया कि रहेजा निर्वाणा-2 रेरा, टाउन एंड कंट्री अफ्रव्ड प्रोजेक्ट है.

एक नजर

राज्यपाल ने डॉ. अंबेडकर को पुण्यतिथि पर नमन किया

रायपुर, 6 दिसंबर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन किया। उन्होंने अपने निवास में डॉ. अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज के वंचित एवं कमजोर तबके के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए हमेशा शोषितों और पीड़ितों के लिए आवाज बुलंद की और सदैव दलितों की सुरक्षा के लिए संघर्ष किया। भारत के संविधान निर्माण में उनकी मुख्य भूमिका थी। वे हमारे देश के गौरव पुत्र है। उनका योगदान चिरस्मरणीय है।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री अमृत कुमार खलखो, उप सचिव श्री दीपक अग्रवाल सहित राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी बाबा साहेब अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

व्यापारी पर जानलेवा हमला दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 6 दिसम्बर । राजधानी की पंडरी पुलिस ने एक व्यापारी पर जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जनकारी के अनुसार जय हिन्द चौक के पास लोधीपारा रायपुर में बर्तन क दुकान चलाने वाले आदित्य वर्मा ने पण्डरी थाने में शिकायत की थी कि दिनांक 4.12.2023 को वह तथा उसका छोटा भाई अपने दुकान के बगल में खड़े थे इसी दौरान शाम करीबन 5.40 बजे पंडरी निवासी सम्मी एवं सुफ़ान दोपहिया वाहन में सवार होकर जयहिन्द चौक से लोधीपारा पंडरी की ओर जा रहे थे तथा उसके भाई को जय हिन्द चौक पर खड़े देख दोपहिया वाहन को रोककर सम्मी एवं सुफ़ान उनके तरफ आकर उनसे अश्लील गाली गलौच करते हुए उसके छोटे भाई पर उसकी हत्या करने की नियत से अपने पास रखे चाकू से उसके शरीर पर लगातार वार कर गंभीर रूप से चोटिल कर फ़ार हो गये। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना पंडरी में धारा 294, 307, 34 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में थाना पंडरी पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, मुर्तजर सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपियों के छिपने के हर संभावित स्थानों में रेड कार्यवाही करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी शेख सुफ़ान उर्फसोनू एवं मेहरान खान उर्फशम्मी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

भाजपा विधायक दल की 8 को हो सकती है बैठक

रायपुर, 6 दिसंबर। प्रदेश में शानदार जीत हासिल करने के बाद जल्द ही भाजपा विधायक दल की बैठक होने वाली है। संभवतः 8 दिसंबर को यह बैठक हो सकती है। इस बैठक में दल का नेता भी चुना जाएगा, हालांकि सीएम के नाम की घोषणा आलाकमान ही तय करेगा। वहीं प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव भी इसी सिलसिले में दिल्ली गए हुए हैं। वहीं दूसरी ओर सत्ता परिवर्तन के बाद कुछ अफसरों के हाथ-पांव फूल गए हैं।

ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत

रायपुर 6 दिसंबर। अभनपुर-नवापारा मुख्य मार्ग पर स्थित राठी किराना स्टोर्स के पास एक हाइवा ने बाइक सवार युवकों को ठोकर मार दी. हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है. बताया जाता है कि, हाइवा चालक नशे में बुरी तरह धुत्त था, जिसे सूचना पर मौके पर पहुंची अभनपुर पुलिस के 3-4 पुलिसकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से ड्राइवर केबिन से उतारा.बता दें कि, अभनपुर क्षेत्र के अलावा राजिम (गरियाबंद) कुरूद (धमतरी) क्षेत्र से भी रोजाना भारी संख्या में रेत से भारी हाइवा और अन्य भारी वाहन काफी तेज गति से अभनपुर-नवापारा मुख्य मार्ग से गुजरकर रायपुर की ओर जाती है. इस दौरान हाइवा और भारी वाहनों के चालक नशे में रहते हैं, लेकिन नियमित जांच के अभाव में ऐसे चालकों पर रोक नहीं लग पा रही है।

वर्षा ने किसानों की बढ़ाई चिंता

रायपुर 6 दिसंबर। चक्रवाती तूफान मिचौंग का प्रभाव छत्तीसगढ़ में भी पड़ा है. मंगलवार से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला है. जिसकी वजह से राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई है. वहीं ठंड बढ़ गई है. मौसम में हुए परिवर्तन ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. मौसम विभाग की अनुसार आज भी प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश होगी.मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. मौसम में बदली और हल्की बारिश से किसान धान की कटाई और मिजाई नहीं कर पा रहे है. वहीं दो दिनों से धान खरीदी भी बंद है. बाड़ी और खेतों में लगे धान की फसल के अलावा सब्जी और फूलों में भी इसका असर पड़ रहा है.

मौसम विभाग के अनुसार, भीषण चक्रवाती तूफान मिचांग के कारण आज प्रदेश के अधिकांश स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है. साथ ही एक दो स्थानों में तेज हवा चलने के साथ भारी वर्षा हो सकती है. प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 26.3°C KVK दंतेवाड़ा और सबसे कम न्यूनतम तापमान 16.8°C पेण्ड्रा रोड में दर्ज किया गया. अगले दो तीन दिनों तक मौसम इसी तरह रहने की संभावना है.

समुद्री तूफान मिचौंग के असर से प्रदेश में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। यह तूफान कल तट से टकराने के बाद कुछ कमजोर हो गया है। इधर मौसम विभाग ने अभी दो दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है। इस तूफान के असर से तटीय आंध्र प्रदेश और आसपास के इलाकों में अगले 24 घंटों तक मध्यम से भारी बारिश जारी रह सकती है और उसके बाद कम हो जाएगी। पूर्वी तेलंगाना और ओडिशा के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, आंतरिक ओडिशा, झारखंड के कुछ हिस्सों, गंगीय पश्चिम बंगाल और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक या दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। आंतरिक तमिलनाडु, कर्नाटक, मराठवाड़ा, केरल और दक्षिण मध्य महाराष्ट्र में हल्की बारिश संभव है. इसके अलावा 7 दिसंबर को मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है. ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों के साथ-साथ तमिलनाडु के उत्तरी हिस्से में समुद्र की स्थिति खराब से बहुत खराब रहेगी।

आठ हजार से ज्यादा अवैध निर्माण इसी माह होंगे वैध

रायपुर 6 दिसंबर। शहर में 8 हजार से ज्यादा अवैध निर्माण को वैध करने के आवेदन अगले साल तक लंबित नहीं रहेंगे। सभी आवेदनों का इसी माह निराकरण कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि नियमितीकरण के संबंध में समिति की बैठक हर माह की 15 तारीख को कलेक्टर लेते थे। अब तक 8 बैठकें हो चुकी है, जिनमें 10 हजार 872 अवैध निर्माणों को वैध किया गया है। इन मामलों से करीब 88.19 करोड़ रुपए मिले हैं। इस बीच आचार संहिता लगने से बैठक बंद थी और मामलों का निराकरण नहीं किया गया था। आचार संहिता हटने के बाद अब इन मामलों में तेजी आएगी।

अवैध निर्माणों को वैध कराने के लिए 14 जुलाई 2022 से अगले एक साल तक आवेदन टाउन प्लानिंग विभाग और निगम के जोन दफ्तरों में लिए गए थे।

बाद में इसे 12 अगस्त तक बढ़ाया गया। अंतिम माह में टाउन एंड प्लानिंग और नगर निगम के जोन दफ्तरों में 3 हजार से ज्यादा आवेदन आए। टीएनसीपी ने अचानक से बढ़े आवेदनों की संख्या को लेकर आपत्ति की थी। अभी तक कोई आवेदन को निरस्त नहीं किया गया है। अब तक 4474 अनाधिकृत निर्माण निःशुल्क नियमित किए गए हैं। 120 वर्गमीटर से अधिक के 3 हजार 164 अनाधिकृत निर्माण और 1 हजार 876 गैर आवासीय अनाधिकृत निर्माण कार्य भी अब तक नियमित किए जा चुके हैं।

कांग्रेस पार्षदों पर पूरा भरोसा, बीजेपी के पास संख्या बल नहीं: एजाज

रायपुर 6 दिसंबर। सत्ता की कमान संभालने से पहले भाजपा नेता एक्टिव मोड पर आ गये हैं। नतीजा राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में साफ दिखाई देने लगा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने ट्वीट कर साफ कर दिया है। ये सब झाकी हैज्पूरा छत्तीसगढ़ बाकी है।

इतना ही नहीं पूरा दिनभर राजनीतिक गलियारों में मुख्यमंत्री के दावेदारों की चर्चा के बजाय बुलडोजर, चखना सेंटर, देर रात तक दुकान खुलने सहित महापौर की इस्तीफे की मांग के मुद्दे गुंजते रहे। जिस पर महापौर एजाज ढेबर ने देर शाम पर्दा साफ करते हुये कहा है। मेरे चार साल के कार्यकाल में अनगिनत विकास कार्य कराये गये हैं।

पहले भाजपा तय कर ले। मुझे नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना है। या अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। साथ ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे अपने कार्यकाल पूरा करने के पहले इस्तीफा नहीं देने वाले हैं। उन्होंने

कहा कि भाजपा के पास अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए जो संख्या बल होना चाहिये, वह नहीं है। साथ हमें अपने कांग्रेस पार्षदों पर पूरा भरोसा है। वे पार्टी के साथ खड़े हैं। इसलिए ऐसा कुछ होने वाला नहीं है। भाजपा जिन वादों के साथ सत्ता में आयी है। उन वादों को उसे पूरा करना पड़ेगा। वादों से भारतीय जनता पार्टी के नेता भाग नहीं सकते हैं।

कृषि विश्वविद्यालय में युवा महोत्सव

रायपुर 6 दिसम्बर । इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में 06 से 09 दिसम्बर तक 29वें अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव ''मड़ई-2023'' का आयोजन किया जा रहा है। इस चार दिवसीय युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों के एक हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव का शुभारंभ आज सांस्कृतिक शोभायात्रा के साथ किया गया। शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल नेकी। इस अवसर

पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि महाविद्यालय रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास उपस्थित थे।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि 06 से 09 दिसम्बर तक चलने वाले इस चार दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव ''मड़ई-2023'' में विभिन्न विधाओं की 25 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत 07 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे से 1:30 बजे तक एकल अभिनय, तात्कालिक भाषण, ऑन दी स्पॉट पेंटिंग, एकांकी, समूह गायन, कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 03 बजे से मिमिक्री, भाषण, कार्टूनिंग, एकांकी, समूह गायन (भारतीय), लोक एवं आदिवासी नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 08 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे से मूक अभिनय, भाषण, लघु नाटिका, वाद-विवाद, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, एकांकी, देश भक्ति गीत गायन, पश्चिमी एकल गीत गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 03 बजे से लघु नाटिका, वाद-विवाद, मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 09 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे से लघु नाटिका, तात्कालिक भाषण, लोक एवं आदिवासी नृत्य तथा पाश्चात्य समूह गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 09 दिसम्बर को अपरान्ह 04 बजे अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव ''मड़ई-2023'' का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल स्पर्धा में विप्र कॉलेज महिला और पुरुष दोनों वर्गों में विजेता

रायपुर.6 दिसंबर। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में नेताजी सुभाष कॉलेज द्वारा अभनपुर में आयोजित इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के महिला और पुरुष दोनों वर्गों में विप्र कॉलेज ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया । पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में विप्र कॉलेज ने यूटीडी को 4-1से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में नेताजी सुभाष कॉलेज को 4-2 से पराजित कर विप्र कॉलेज ने इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का खिताब हासिल किया। महिला वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर को 8-2 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में विप्र कॉलेज ने डागा कॉलेज को एक तरफा मुकाबले में

12-0 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र कॉलेज ने इस सत्र में लगातार छठे खेल में चैंपियन बनी है।विप्र कॉलेज में खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण का लाभ उठाते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों का सभी इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा और प्रतिवर्ष लगभग 50 से 60 विभिन्न प्रतियोगिताओं में रविवि विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में होगी बड़ी प्रशासनिक सर्जरी

रायपुर 6 दिसंबर। प्रदेश में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद नई सरकार के गठन की कवायद शुरू हो गई है । 16 दिसम्बर से खरमास प्रारंभ हो रहा है उससे पहले ही अगले 10 दिनों के भीतर ही नए मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों की नियुक्ति हो जाने की संभावना है । नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद पहली कैबिनेट बैठक में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किए जा सकते हैं आईएएस, आईपीएस एवं आईएफएस अफसरों के प्रभार में बड़ा फेरबदल तय है। यह संभावना जताई जा रही है कि डीजीपी और पीसीसीएफ को भी बदला जा सकता है।

जुनेजा वर्तमान जिम्मेदारी से मुक्त हो सकते हैं : वर्तमान पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा को एक वर्ष की सेवावृद्धि दी गई है, लेकिन नई सरकार उससे पहले ही उन्हे वर्तमान जिम्मेदारी से मुक्त कर सकती है । भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान उनके खिलाफ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत कर हटाने की मांग की थी। उन पर चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगाया गया था । श्री जुनेजा 89 बैच के आईपीएस अफसर हैं।

इन अधिकारियों को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी : श्री जुनेजा को हटाने की स्थिति में सरकार वरिष्ठता क्रम के आईपीएस अफसरों अरुण देव गौतम, हिमांशु गुप्ता के साथ-साथ अन्य नामों पर विचार कर सकती है। डीजीपी स्तर पर फेरबदल होने का साथ-साथ निचले स्तर पर भी फेरबदल तय है। संविदा नियुक्ति के बाद ईओडब्ल्यू एवं एसीबी की जिम्मेदारी संभाल रहे डीएम अवस्थी एवं अन्य अफसरों के प्रभार भी बदले जाएंगे । पुलिस में एडीजी एसआरपी कल्लूरी प्रभावशाली पद में रहेंगे। आईपीएस अमित कुमार और प्रदीप गुप्ता को भी बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आईपीएस अधिकारी लाल सिंह उमेंद, अजातशत्रु और शशि मोहन राजधानी में लौट सकते हैं।

पीसीसीएफ स्तर पर भी बड़ा बदलाव तय: आईएफएस अफसरों के प्रभार में भी बड़ा फेरबदल तय है । चुनाव के कुछ माह पहले ही आईएफएस वी.श्रीनिवास राव को पहले पीसीसीएफ और बाद में वन बल प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई थी । इस नियुक्ति के बाद आईएफएस अफसरों की नाराजगी भी सामने आई थी । दरअसल वरिष्ठता क्रम में छठवें नंबर के आईएफएस श्री राव को आधा दर्जन वरिष्ठ आईएफएस अफसरों को सुपरसीड कर वन बल प्रमुख बनाए जाने से बाकी अफसर काफी नाराज हैं। वरिष्ठता क्रम में पहले नंबर के आईएफएस सुधीर अग्रवाल एवं पीसीसीएफ स्तर के कई अफसरों ने कैट में भी इस बात को लेकर चुनौती भी दी है ।

आईएएस के प्रभार में होगा बड़ा फेरबदल: आईएएस अफसरों के प्रभार में भी बड़ा फेरबदल तय है। आईएएस राजेश टोप्पो, दयानंद, आर संगीता, आर प्रसन्ना, अनवीश शरण, आर वेंकट, अभिजीत सिंह, इंद्रजीत चंद्रवाल को भी महत्व दिया जाएगा। केन्द्र में पदस्थ कई वरिष्ठ आईएएस की हो सकती है प्रदेश में वापसी- छत्तीसगढ़ के कई वरिष्ठ आईएएस केन्द्र में कई महत्वपूर्ण पदों पर प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं । प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ कई अफसर भाजपा सरकार के समय छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहे थे । इन अफसरों की फिर राज्य में वापसी हो सकती है । 93 बैच के अमित अग्रवाल मुख्य सचिव स्तर के आईएएस हैं। वे वर्तमान में यूआईडीएआई में सीईओ की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

जिसकी सरकार बनी उस पार्टी का धमतरी में नहीं मिला विधायक

रायपुर 6 दिसंबर। छत्तीसगढ़ में 2023 के विधानसभा चुनाव खत्म हो चुके हैं और इसका परिणाम भी अब सामने आ चुका हैं. 2018 के उलट 2023 में भाजपा फिर से सत्ता में वापस हो चुकी है और इसके लिए प्रदेशभर में जश्न भी मनाया जा रहा है, लेकिन अगर धमतरी विधानसभा सीट की बात करें तो यहां 2023 में कांग्रेस के प्रत्याशी ओंकार साहू ने जीत हासिल की है. धमतरी के चुनावी इतिहास को देखें और उसके परिणामों को देखें तो इस चुनाव परिणाम के बाद भी धमतरी के लोगों में निराशा ही हाथ आई है. इसका कारण इस चुनाव के परिणाम में तो है ही, लेकिन सन 2000 से लेकर 2023 तक जो पांच विधानसभा चुनाव हुए हैं, उनके परिणाम भी निराशाजनक रहे हैं. इसके पीछे बड़ा कारण है धमतरी के चुनावी इतिहास में यह लगातार पांचवीं बार हुआ है कि जिस पार्टी की सत्ता प्रदेश में आकर बैठी है उस पार्टी का विधायक धमतरी विधानसभा को नहीं मिल सका है. यही कारण है कि अब तक यहां का विकास ठीक से नहीं हो पाया है. धमतरी में अगर विकास के नहीं होने के आरोप लगते हैं तो आम जनता के मन में फिर से वही बात आती है कि जिस पार्टी की सत्ता होती है उसका विधायक नहीं मिल पाता और इसी कारण धमतरी का विकास भी नहीं हो पाता।

जीवन का आधार'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला अयोजित

उत्तम मृदा से उत्पादित खाद्यान्न मानव के लिए आवश्यक: डॉ. चंदेल

रायपुर 6 दिसम्बर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के मृदा विज्ञान एवं रसायन शास्त्र विभाग के अन्तर्गत संचालित अखिल भारतीय मृदा परीक्षण एवं फसल अनुक्रिया परियोजना तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, रायपुर के संयुक्त तत्वधान में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर आज ''मृदा एवं जल - जीवन का आधार तथा उर्वरकों का संतुलित उपयोग'' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि महाविद्यालय, रायपुर के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. अजय वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नीर तारिक अली, वरिष्ठ आई.ए.एस. जम्मु एवं कश्मीर तथा आबर्जवर चुनाव आयोग, इंदिरा गांधी कृषि

विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, वैज्ञानिक, छात्र छात्राएं एवं परसदा, टेकारी तथा नवागांव के प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने मानव स्वास्थय एवं मृदा के स्वास्थ्य के संबंधों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि उत्तम स्वास्थय वाली मृदा से उत्पादित पौष्टिक भोजन से ही मानव शरीर का स्वास्थय अच्छा रहता है। उन्होंने कहा कि मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीवों की सक्रियता मृदा स्वास्थय को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह भी एक सत्य है कि मानव शरीर में भी 60 हजार से अधिक सूक्ष्म जीव उपस्थित रहते हैं। उन्होंने प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुये कहा कि मृदा एवं जल के महत्व की व्यापक एवं सार्थक जानकारी नागरिकों को मिले इसके लिये प्राथमिक शिक्षा में इसे एक अनिवार्य पाठ् के रूप में शामिल किया जाना आज के समय की आवश्यकता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. अजय वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में भारी मशीनरी के कृषि में उपयोग से मृदा कड़ी हो रही है। इसके लिये हमें आवश्यकतानुसार ही कृषि यंत्रो का उपयोग मृदा की तैयारी में करना चाहिये तथा पर्याप्त मात्रा में जैविक खादों का उपयोग करना चाहिए। नीर तारिक अली ने कहा कि छत्तीसगढ़ का वातावरण अत्यंत शांत है, यहां के लोग अत्यधिक सरल एवं सहज तथा वैज्ञानिक ज्ञान से परंपरागत समय से ही समृध्द हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा जल प्रबंधन का बेहतरीन उदाहरण यहाँ विशाल संख्या में उपस्थित उत्कृष्ट स्तर के तालाब में देखने को मिलता है जिसमें सिंचित वर्षा जल निस्तारी के साथ-साथ कृषि उत्पादन तथा भू-जल के पुनः-भरण सहायक है। डॉ. विवेक त्रिपाठी ने इस अवसर पर जल एवं मृदा के महत्व के बारे में हमारे धर्म ग्रंथों एवं वेद-पुराण में हजारों वर्षों पूर्व उल्लेखित जानकारीयों के वैज्ञानिक दृष्टिकोणों की व्याख्या करते हुये इस जानकारी का उपयोग मृदा एवं जल प्रबंधन में करने हेतु कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि छात्र छात्राओं का आवहान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए डॉ. जी. के. दास ने कहा कि हमारे ग्रंथो में मृदा एवं जल के महत्व को विस्तार से उल्लेखित किया गया है।

संविदा पदों के लिए कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार 9 दिसम्बर को

रायपुर 6 दिसंबर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी विभिन्न संविदा पदों के लिए कौशल परीक्षा/साक्षात्कार दिनांक 09 दिसम्बर दिन शनिवार को आयोजित की जायेगी। पात्र अभ्यर्थी कौशल परीक्षा/साक्षात्कार का स्थान, समय एवं प्रवेश पत्र से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर की वेबसाईट का सतत् अवलोकन कर सकते है। सभी संविदा पदों के पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर की वेबसाईट में अपलोड कर दिया गया है। इसके लिए दावा आपत्ति 10 नवम्बर तक मंगाई गई थी। दावा आपत्ति का भर्ती विज्ञापन में निहित शर्तों के अनुसार निराकरण कर एक अनुपात तीस के प्रावीण्यता अंक के आधार पर सूची तैयार की गई है। अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु सूची तैयार कर जिला एवं सत्र न्यायालय, रायपुर के वेबसाईट में अपलोड कर दी गई है।गौरतलब है कि कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर द्वारा 06 अक्टूबर को संविदा-कार्यालय सहायक/क्लर्क, रिसेप्शनिस्ट-सह-डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टायपिस्ट), कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) के रिक्त 1-1 पद की पूर्ति हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23